हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● गुरुवार ● 11.09.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 51● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री से विभिन्न दुर्गापूजा समितियों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

# रांची को मॉडल शहर के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता : हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में महानगर दुर्गा पूजा समिति, जिला दुर्गा पूजा समिति एवं श्री महावीर मंडल रांची के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी दुर्गोत्सव-2025 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से एक स्वर में मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि आपके नेतृत्व में सभी दुर्गा पूजा समितियों को राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि दुर्गा पूजा के समय विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति सहित शहर की साफ-सफाई नियमित रूप से होता रहा है, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 157 पूजा पंडालों में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जा रहा है और सभी पूजा पंडालों की तैयारी जोरों पर है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की।

**मुख्यमंत्री को सपरिवार दुर्गा पूजा हेतु सादर आमंत्रण**

मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आग्रह किया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी आपके नेतृत्व में राज्य सरकार से पूजा समितियों को सहयोग की काफी अपेक्षाएं हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दुर्गा पूजा समितियों को आयोजन से पहले ही आपसे मुलाकात करने का समय मिल रहा है, यह बहुत ही अच्छी और सकारात्मक पहल है। आपके मार्गदर्शन में राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं पूजा समितियों के बीच बेहतर तालमेल बन रहा है जिससे कई समस्याओं का निदान समय रहते हो रहा है। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने हेमन्त सोरेन को मां दुर्गा की प्रतिमा, चुनरी एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें सपरिवार पूजा पंडालों में भ्रमण कर माता रानी के दर्शन करने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को अपनी ओर से दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**दुर्गा पूजा समितियों को राज्य सरकार का मिलेगा पूरा सहयोग**

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों को भरोसा दिलाया कि सभी दुर्गा पूजा समितियों को पूर्व की भांति इस वर्ष भी राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गोत्सव के विभिन्न बिंदुओं को मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन एवं पूजा आयोजन समिति के सदस्य बैठक कर एक बेहतर समन्वय तथा तालमेल बनाते हुए शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम जनमानस की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए रांची को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने को लेकर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरी क्षमता के साथ रांची को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के सभी पहलुओं पर विशेष कार्य योजना के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। शहर के सर्वांगीण विकास में सरकार के साथ-साथ आम लोगों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार की सोच है कि शहरों के विकास में नई-नई कड़ियां लगातार जुड़ती रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार की ओर से जन सुविधाओं के साथ-साथ हर वह प्रयास किया जाएगा जो रांची शहर को एक अलग पहचान दे सके। इस अवसर पर उपयुक्त रांची मंजुनाथ भजंत्री, डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ० अजीत सहाय, जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विक्की यादव, महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, एचईसी दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक सागर कुमार सहित अशोक चौधरी, प्रदीप राय बाबू, रवींद्र वर्मा, शंभू सिंह, समीर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को झारखंड आंदोलन के नेता और पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन रांची के नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे और वहां उन्होंने दिवंगत दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व विधायक दुर्गा सोरेन अलग झारखंड राज्य आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे, उनकी भूमिका एवं योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दिवंगत दुर्गा सोरेन जयंती पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी लोग यहां एकत्रित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

## राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने शहीद अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची परिसर पहुंचकर जम्मू-कश्मीर के लद्दाख (सियाचिन) में शहीद हुए देवघर जिला के मधुपुर स्थित कजरा गांव निवासी अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ईश्वर से वीर शहीद की आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। ज्ञातव्य है कि शहीद अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी देवघर जिला के मधुपुर स्थित कजरा गांव के निवासी थे। वे जम्मू-कश्मीर के लद्दाख (सियाचिन) में तैनात थे। अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी देश की सेवा में वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

# बिहार की तरह पूरे देश में अक्टूबर में लागू होगा एसआईआर, एलान जल्द

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर को लेकर विवाद के बीच चुनाव आयोग ने एक बड़ा फैसला लिया था। इसके अनुसार यह प्रोसेस देशभर में एक साथ लागू किया जाएगा। आयोग ने इस फैसले पर बुधवार को दिल्ली में सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सभी ने इस प्रक्रिया को शुरू करने पर सहमति जताई है। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग ने सभी राज्यों से 30 सितंबर तक जरूरी कागजी कार्रवाई और तैयारियां पूरी करने के लिए कहा है। इस संबंध में ज्यादातर राज्यों ने आश्वासन दिया है कि वे इस तय समय सीमा तक तैयारियां पूरी कर लेंगे। चुनाव आयोग जल्द ही देशभर में एसआईआर की औपचारिक घोषणा कर सकता है। अंतिम तारीखों का फैसला तभी लिया जाएगा जब सभी राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अपनी प्रगति रिपोर्ट आयोग को सौंप देंगे। चुनाव आयोग का मानना है कि इस प्रक्रिया से न सिर्फ वोटर लिस्ट अपडेट होगी, बल्कि चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा।

# इस्लामनगर से आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, झारखंड एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) और रांची पुलिस की संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। बुधवार सुबह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के इस्लामनगर स्थित तबरक लॉज से आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी हुई है। वहां से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए हैं। संदिग्ध आतंकी की पहचान असहर दानिश के रूप में हुई है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस ने पलामू में भी छापेमारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। रांची के पकड़ा गया असहर दानिश मूल रूप से बोकारो जिले के पेटरवार का रहने वाला है। दिल्ली में उसके खिलाफ दर्ज एक मामले के आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी, जिसके बाद यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। वर्तमान में, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी से गहन पूछताछ जारी है।

(शेष पेज तीन पर)



## एक नजर

### शिवाडीह से हेंदेगिर जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील

**बड़कागांव :** शिवाडीह गेट से सीधे सोनपुरा, महुदी पलांडू होते हुए हेंदेगिर जाने वाली मुख्य सड़क में कई स्थानों पर बड़े - बड़े गड्ढे बन गए हैं। कई स्थानों पर गड्ढे बन जाने के कारण रेलवे स्टेशन पहुंचने में बड़कागांव के लोगों का चार गुना समय अधिक लग रहा है। यह सड़क मुख्य रूप से शिवाडीह गांव से लेकर पलांडू तक काफी जर्जर हो गया है। और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे लोगों को आवागमन करने में व बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चाहे साइकिल का पहिया हो या मोटरसाइकिल का या फिर चार पहिया वाहनों का गाड़ियों के पहिए हिचकोले मारते - मारते समय पर मंजिल तक पहुंचने में काफी देर हो जा रही है। इस सड़क में मुख्य रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवाडीह से लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलांडू तक शिवाडीह सोनपुरा नदी पर करोड़ों की लागत से बना पुल का कई पिलर काफी जर्जर अवस्था में है। वहीं महुदी सामुदायिक भवन से पहले मोड़ पर बना पुलिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय राणा टोली महुदी के आगे ईंट भट्ठा के समीप बना दो पुलिया एवं सतबहिया डेम से निकलने वाली नाला पर बना पुलिया काफी जर्जर है। भारी वाहन चलने पर यह सभी पुल एवं पुलिया कभी भी ध्वस्त हो सकता है।

### वृद्ध महिला की लाश पुलिस ने गड्ढे से की बरामद

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत निवासी 66 वर्षीय वृद्ध महिला रीना देवी की लाश डाड़ी कला पुलिस ने बरामद की है। रीना देवी की लाश घर से 2 किलोमीटर दूर जुगरा गांव के एक गड्ढे भरा पानी में तैरते हुए पाया गया। घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस ने अंतिम संस्कार करने के लिए लाश को परिजन को सुपुर्द कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले को लेकर डाड़ीकला थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने बताया कि मृतिका के परिजन के द्वारा अब तक आवेदन दिया नहीं गया है। आवेदन मिलने के पश्चात ही कुछ कहा जा सकता है। मौखिक रूप से पूछताछ के दौरान मृतका के लोग कह रहे थे की मंगलवार रात 10 बजे वृद्ध महिला रीना देवी घर पर ही थी। हालांकि पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई है।

### तेजी से फैल रहा जानवरो की लंपी वायरस बीमारी

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लंपी वायरस ने तेजी से पैर पसारना शुरू कर दिया है। खासकर ग्रामीण इलाकों में यह वायरस पशुओं को अपनी चपेट में ले रहा है। यदि समय पर इलाज और टीकाकरण नहीं कराया गया, तो बड़ी संख्या में पशुओं की मौत हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके मवेशी और बछड़े लंपी वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि यदि सही समय पर उपचार उपलब्ध नहीं हुआ तो पशुओं की जान खतरे में पड़ जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि पशुपालन विभाग इस गंभीर बीमारी को लेकर पूरी तरह बेखबर है। अब तक न तो जागरूकता अभियान चलाया गया है और न ही टीकाकरण की कोई पहल की गई है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर टीकाकरण एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं की जान बचाई जा सके।

# बड़कागांव अपहरण-हत्या कांड में एसआईटी की बड़ी कार्रवाई, आठ आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बड़कागांव थाना क्षेत्र में अपहरण, हत्या और भीड़ तंत्र से हुई जानलेवा घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। अब इस मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बड़कागांव) के नेतृत्व में गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने छापेमारी अभियान चलाकर आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला 6 जुलाई 2025 से जुड़ा है, जब पिपराडीह निवासी संगीता देवी ने अपने पति दिनेश प्रजापति के अपहरण का आरोप सुभाष प्रजापति पर लगाया था। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या-180/25 दर्ज किया गया। जांच के दौरान 10 जुलाई को लापता दिनेश का शव कुम्हारडीहा स्थित एक कुएं से बरामद हुआ। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने 11 जुलाई को सुभाष प्रजापति के पिता महेश प्रजापति को घर से घसीटकर पीट-पीट कर हत्या कर दी। भीड़ ने उनके घर में लूटपाट करने के बाद आग भी लगा दी और पुलिस से झड़प की। इस संबंध में कांड संख्या-185/25 दर्ज हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान जिन 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया, उनमें देवकी प्रजापति, शिबू यादव, महानंद प्रजापति, दिनेश प्रजापति उर्फ दिनेश्वर, बड्डू गोप उर्फ सिकंदर, गोप जी उर्फ घनश्याम यादव, गणेश यादव और राजू प्रजापति शामिल हैं। सभी पिपराडीह गांव, थाना बड़कागांव के निवासी बताए गए हैं। इस छापामारी में एसडीपीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, विवेक कुमार (केरेडारी), सागेन मुर्मू (डाडी कला), राम कुमार राम (सिकरी), छोटू उरांव, अभिषेक कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

### हजारीबाग पुलिस ने पेट्रोल पंप लूट की साजिश नाकाम, तीन अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग :** जिला पुलिस को मंगलवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पेट्रोल पंप लूट की साजिश रच रहे अपराधियों को रंगे हाथों दबोच लिया गया। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। जानकारी के अनुसार, छापामारी दल ने मिशन रोड स्थित मजार के पास वाहन चेकिंग शुरू की। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की एक एक्टिवा स्कूटी पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। तत्परता दिखाते हुए टीम ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान रितेश कुमार यादव (देवरिया खुर्द, केरेडारी) और पंकज कुमार (बांका, कटकमदाग) के रूप में हुई। तलाशी में पुलिस ने उनके पास से एक देशी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल और स्कूटी बरामद की। पूछताछ में पंकज ने 15 अगस्त को खिरगांव स्थित पेट्रोल पंप प्रबंधक से हुई लूट में शामिल होने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मी राहुल कुमार (कटकमदाग) को भी गिरफ्तार किया। राहुल के पास से लूट की रकम 50,000 रुपये बरामद किए गए। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त कई मामलों में पहले से वांछित हैं। रितेश यादव के खिलाफ केरेडारी थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है, जबकि पंकज पर सदर और बड़ा बाजार थाने में लूट और हथियार से जुड़े कई मुकदमे लंबित हैं।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में एनएसएस ने चलाया पौधरोपण अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा हरित वातावरण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद द्वारा पौधा लगाकर किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज,महाविद्यालय के शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएँ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में आम के 25 पौधे लगाए गए। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने नाम से एक-एक पौधा भी लगाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें, जिससे वे भविष्य में घने और उपयोगी वृक्ष बन सकें। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण जागरूकता की शपथ ली।

## महिलाओं का स्वावलंबन पूरे समाज को देगा विकास की राह : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत भवन में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि आजीविका समूह ग्रामीण



महिलाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर कर रहा है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से न केवल परिवार मजबूत होता है, बल्कि पूरा गांव और समाज विकास की राह पकड़ता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिलाओं के स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुखिया नारायण यादव, राजेंद्र प्रसाद, मोतीलाल चौधरी, मनोज दास, पंसस संतोषी देवी, ओबीसी मोर्चा के मुन्ना यादव और नारायण कुमार मौजूद रहे। आमसभा को सफल बनाने में बीपीएम केदार प्रजापति, लेखापाल ममता देवी, सीसी अरुण कुमार, आईपीआरपी संजू देवी, बैंक सखी राखी कुमारी और उषा देवी, जनरल सीआरपी किरण देवी, लीलावती देवी, रेणु देवी, संगीता देवी सहित सैकड़ों आजीविका समूह की दीदियां शामिल थीं।

## चुरचू में दिन-रात दौड़ रहे कोयला लदे ट्रक-ट्रैक्टर, माफियाओं के हौसले बुलंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** चुरचू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत इंद्रा जोराकाठ इन दिनों कोयला माफियाओं का गढ़ बन चुका है। यहां धूम-धड़ाका से अवैध कोयले का आवागमन इतनी तेजी से हो रहा है कि गांव की गलियां अब तस्करी के रास्ते में बदल चुकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ट्रक और ट्रैक्टरों में खुलेआम कोयला ढोया जा रहा है, तो स्थानीय थाना प्रभारी, कंपनी का महाप्रबंधक और सुरक्षा बलकर्मी आखिर कर क्या रहे हैं? सूत्र बताते हैं कि इस गोरखधंधे में तीन प्रमुख लोगों के नाम सामने आए हैं, लेकिन अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह चुप्पी क्या इस ओर इशारा नहीं करती कि बिना बड़े स्तर की राजनीतिक और प्रशासनिक मिलीभगत के इतना बड़ा खेल संभव ही नहीं? हजारीबाग प्रशासन और पुलिस की खामोशी से माफियाओं के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत की सड़कों पर दिन-रात कोयला लदे वाहन दौड़ रहे हैं। न कोई रोक-टोक, न किसी अधिकारी की छापेमारी। गांववाले धूल और प्रदूषण से त्रस्त हैं, सड़कें टूट रही हैं, लेकिन माफियाओं की जेबें भर रही हैं। सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगाया जा रहा है, पर सरकार और विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। कहने को तो हर मंच पर अवैध खनन रोकने की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। मुख्यमंत्री से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि तक कानून-व्यवस्था सुधारने का दावा करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि चुरचू में अपराधी खुलेआम कोयले का कारोबार कर रहे हैं। आखिर यह मौन सहमति किसके इशारे पर है? अब सवाल जनता पूछ रही है कि क्या प्रशासन सिर्फ कागजों में कार्रवाई करेगा? क्या नेताओं की जिम्मेदारी सिर्फ बयानबाजी तक सीमित है? और सबसे अहम कि क्या हजारीबाग को अपराधियों के हवाले छोड़ दिया गया है? चुरचू की यह कहानी सिर्फ एक पंचायत की नहीं, बल्कि पूरे जिले में पनपते अवैध कारोबार की हकीकत है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगी तो आने वाले दिनों में हजारीबाग पूरी तरह माफियाओं का गढ़ बन जाएगा।

## पुलिस की प्राथमिकता पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना : आईजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** उत्तरी छोटा नागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) क्रांति कुमार गड़ीदेशी मंगलवार देर शाम बरही अनुमंडल पुलिस कार्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया। बरही पहुंचे आईजी गाड़ीदेशी को एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके प्रबमौजूद पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण एवं संधारित पंजियो का जांच किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों की जांच की और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं प्रशिक्षु एसडीपीओ प्रशांत कुमार समेत अनुमंडल थाना क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे। वहीं आईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित पड़े मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता अपराध को जड़ से खत्म करना और जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पुलिस युवाओं को अपराध से रोकने के लिए सामुदायिक सहभागिता, शिक्षा और सहायक कार्यक्रमों को बढ़ावा दे रही है। अपराधों की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त और स्थानीय निवासियों के साथ संपर्क जैसी सक्रिय कदम भी उठा रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य युवाओं को अपराध की दुनिया से दूर रखकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। आईजी ने एसडीपीओ कार्यालय की व्यवस्था, स्वच्छता एवं अभिलेखों के रख रखाव की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे और सराहना की।

## जमीन विवाद की भेंट चढ़ी पढ़ाई, खाली रह गया पूरा विद्यालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा के ग्राम सायल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सायल में आज दिनांक 10/9/2025 को पूर्ण रूप से एक भी स्कूली छात्र-छात्राओं उपस्थित नहीं पाया गया। जिससे प्रधानाध्यापक एवं पारा शिक्षक उपस्थित थे स्कूली छात्र, छात्रों उपस्थित नहीं पाया गया प्रधानाध्यापक महेश राम से पूछे जाने पर बताएं कि मैं जब विद्यालय 8:45 बजे आया तो छात्र छात्रों को एक भी विद्यालय में उपस्थित नहीं देखें इसी बीच में डोर टू डोर छात्र छात्रों के अभिभावकों के घर में जाकर बात किए तो अभिभावकों के द्वारा बताया गया कि स्कूल में जो लड़ाई चल रहा है। बाउंड्री एवं छात्र-छात्राओं को खेलने का ग्राउंड जब तक नहीं बनेगा तब तक विद्यालय में छात्र-छात्राओं नहीं जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश राम के द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगदीश महतो से सुबह 9 :बजे जानकारी दिए तो आज विद्यालय का अध्यक्ष जगदीश महतो ने जब विद्यालय 9:30 बजे पहुंचते छात्र-छात्राओं एक भी विद्यालय उपस्थित नहीं पाए है इसी बीच में अध्यक्ष जगदीश महतो ने प्रधानाध्यापक महेश राम से पूछताछ किए तो वह बोले मुझे भी पता नहीं अचानक विद्यालय में छात्र-छात्राओं अनुपस्थित है तो हमलोग शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक एक साथ मिलकर डोर टू डोर छाता छात्राओं के घर में मुलाकात करके बात किए तो अभिभावकों के द्वारा यही बात बोला गया कि पहले स्कूल को खेलने के लिए ग्राउंड और बाउंड्री होना चाहिए अन्यथा विद्यालय में मेरा बच्चा नहीं जाएगा। यह जमीनी विवाद लगभग हमलोग और पूरे ग्राम सायल के ग्रामीणों ने 15 महीना से विभाग को लिखित आवेदन कई बार दे चुके हैं लेकिन कोई भी कानून कारवाई नहीं की जा रहा है आज वही नतीजा हुआ कि विद्यालय में एक भी छात्र-छात्राओं उपस्थित हुवे हमारे तीनों शिक्षकगण पूरी समय बैठकर रह गए। विद्यालय छुट्टी जब हुआ तो शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक अपना अपना घर वापस चले गए इस विद्यालय के अध्यक्ष जगदीश महतो ने बोले की इस जमीन का खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 45 है। जिसमें जिस का परिवार ने जमीन को अपने कब्जे में लिया है वह ग्राम सायल का है ग्राम सायल के ग्रामीणों ने आक्रोश होकर छात्र-छात्राओं को अपने-अपने घर से विद्यालय के लिए नहीं जाने दिए यह पिछले कई महीना से आंदोलनकारी विद्यालय के जमीनी संबंधित बात किया जा रहा है और ठीकेदार की तरफ से अभी तक बाउंड्रीवाल का काम पूर्ण रूप से रोक दिया गया है। छात्रों के अभिभावकों से पूछे जाने पर बताएं कि छात्रों को खाना खाने के लिए ग्राउंड नहीं है खेलने के लिए, ग्राउंड नहीं है छात्रों को जहां पर खाना खाता है वह रोड है। उसी रोड में गाड़ी भी चलता है और ग्रामीण भी चलते हैं छात्रों को काफी परेशान है का सामना करना पड़ता है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष (जगदीश महतो) झमन महतो, बलदेव यादव, अनीता देवी, तीर्थी देवी राधा देवी बड़े संख्या में लोग उपस्थित थे

## संक्षिप्त खबरें

### मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र छोटकी बरही में 30 बच्चों को मिले पोशाक किट



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में 30 बच्चों के बीच पोशाक किट वितरित किए गए। वितरण कार्य बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पदभार सीडीपीओ जयपाल महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय मुखिया गोविंद साहू ने किया। इस आंगनबाड़ी केंद्र में अध्यनरत बच्चों के बीच राज्य सरकार के निर्देशानुसार डीएमएफटी योजना के तहत पोशाक किट का वितरण किया गया है। पोशाक किट के तहत ड्रेस, जूता, मौजा, पानी की बोतल, बैग, पेंसिल, ब्रश, मंजन, हैंड सेनिटाइजर, मंजन, रुमाल एवं कलर आदि उपलब्ध करवाए गए। इस दौरान जयपाल महतो ने उपस्थित सेविका और सहायिका को बच्चों को सरकार के निर्देशानुसार भोजन के साथ पढ़ाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों को नियमित केंद्र भेजने की अपील की। बता दें कि इस केंद्र को डीएमएफटी मद योजना से मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। मौके पर सीडीपीओ कार्यालय के नाजिर राजीव रंजन, सेविका गुलशन आरा, चौकीदार राजू यादव एवं मो आसिफ समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

### भामाशाह के सेविका के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन



**बरही :** बरही भामाशाह स्कूल में लम्बे समय तक सेविका के रूप में सेवा करने वाली कौलेशवरी देवी का हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। निधन के खबर भामाशाह विद्यालय परिवार में दुख की लहर दौड़ गई। इस दु:ख की घड़ी में भामाशाह स्कूल प्रबंधन ने विद्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे शामिल हुए। तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मृतक कौलेशवरी देवी लगभग 24 वर्ष तक विद्यालय में सेविका के रूप में सेवा योगदान दिया। इनके अचानक इस दुनिया से चले जाना विद्यालय परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है। इनकी कमी हमेशा विद्यालय परिवार को खलेगी। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी मे परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### चार घंटे में अपहृत युवक सकुशल बरामद एक अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**बरही :** बरही के करसो से मंगलवार देर रात करसो निवासी सौरभ कुमार पिता विनोद सिंह नामक युवक को कुछ अपराधियों ने अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने स्कैनर भेजकर युवक के परिजन से पांच लाख रुपए फिरौती की मांग की जाने लगी। इसकी सूचना अपहरणकर्ताओं के गिरफ्त में आए अपहृत युवक सौरभ ने अपने पिता विनोद सिंह को बताई। लगभग पौने दस बजे इसकी सूचना बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार को मिली। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बिना देर किए एसपी हजारीबाग एवं एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को जानकारी देते हुए अपहरणकर्ताओं से युवक को छुड़ाने की जिम्मेवारी बरही थाना में पदस्थापित तेज तर्रार पुलिस अधिकारी एसआई नरेंद्र कुमार पांडेय एवं सुशील कुमार को दी। एसआई नरेंद्र पांडेय ने अपने सहयोगी एसआई सुशील कुमार, एसआई रूपलाल यादव , कपुल दीपक नाग के साथ अपने पुलिस बल के साथ निकल पड़े। लोकेशन ट्रेस करते हुए एसआई नरेंद्र कुमार पांडेय अपहरणकर्ताओं का पीछा करते हुए गिरीडीह जिले की डुमरी थान क्षेत्र पहुंचे। डुमरी में अपहरणकर्ताओं से उनकी सामना हुई। पुलिस को देख अपहरणकर्ता भागने लगे। लेकिन एसआई नरेंद्र कुमार पांडेय ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को छुड़ाते हुए दौड़ कर एक अपहरणकर्ता को पकड़ा। इस दौरान अपहरणकर्ताओं के बीच हाथापाई हुई। इस दौरान वे चोटिल भी हो गए। लेकिन हार नहीं मानी। अंतोगत्वा एक अपहरणकर्ता अरुण पाठक पिता कुलदीप पाठक ग्राम तेलों थाना चंद्रपुरा जिला बोकारो निवासी को गिरफ्तार करने में उन्होंने सफलता हासिल की। अपहरणकर्ताओं के साथ धर पकड़ चल ही रही थी, तब तक अन्य पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। जिसे देख अन्य अपहरणकर्ता भागने में सफल रहे। मात्र चार घंटे में एसआई एनके पांडेय, सुशील कुमार एवं अन्य की दिलेरी एवं तत्परता से अपहृत युवक की सकुशल बरामदगी हो गई। घटना की पूरी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल एवं बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एसआई नरेंद्र पांडेय ने दिलेरी दिखाई और अपने अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर अपहृत युवक को छुड़ाने तथा एक अपहरणकर्ता को पकड़ने में खुद चोटिल हो गए। उनके साहस एवं दिलेरी को देखते हुए उन्हें अलग से पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जाएगी।

### चोरदाहा की बिजली समस्या पर विधायक ने महाप्रबंधक को लिखा पत्र




**चौपारण :** बरही विधायक मनोज यादव ने चौपारण प्रखंड अंतर्गत चोरदाहा पंचायत की गंभीर बिजली समस्या को लेकर झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम हजारीबाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर विधायक ने अधीक्षण अभियंता से मुलाकात की। विधायक मनोज यादव ने बताया कि चोरदाहा पंचायत में पिछले 40 घंटों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है। इस भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि चौपारण से चोरदाहा तक की 11 हजार वोल्ट एचटी लाइन अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाती है। तार टूटना और कटना यहाँ आम समस्या है, जिसके चलते ग्रामीणों को बार-बार चंदा इकट्ठा कर मरम्मत करवानी पड़ती है। विधायक ने कहा कि बिजली विभाग के डीबीसी कर्मी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं देते। कई बार अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने चिंता जताई कि क्षेत्र के जंगली इलाके में अंधेरे के कारण साँप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और मोबाइल चार्ज करने तक में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पत्र मिलते ही एसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के एसडीओ श्री सिंह लिंडा से टेलीफोनिक वार्ता की और समस्या का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया।

# गिरफ्तार अशरफ दानिश के पास से बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल और मेटल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के तबारक लॉज से आईएसआईएस के एक संदिग्ध आतंकी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता हासिल हुई है। अशरफ दानिश( 23 ) नाम का यह आतंकी लॉज में काफी दिनों से अपना ठिकाना बनाए हुए था। अशरफ दानिश झारखंड के बोकारो का ही रहने वाला है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आतंकी को गिरफ्तार कर अपने साथ ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले गयी। गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अशहर दानिश के पास से एक देशी कट्टा, कॉपर सीट, नाइट्रिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सोडियम बाइकोर्बोनेट, सल्फर पाउडर, लैपटॉप, एक मोबाईल, 10 हजार 500 रुपये सहित कई अन्य केमिकल और मेटल बरामद हुए हैं। दानिश के पास से बरामद केमिकल्स और मेटल से विस्फोटक बनाए जाते हैं। दानिश की गिरफ्तारी को देश में चल रही एक बड़ी आतंकी साजिश का पदार्फाश बताया जा रहा है। आतंकी कनेक्शन के आरोप में रांची से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अशरफ दानिश के पास से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस ने विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स के साथ कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल थाना कांड संख्या 240/25 9 सितंबर को दर्ज किया गया था। समुदायों के बीच तनाव पैदा करने, धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए दुष्प्रचार करने और अवैध हथियार रखने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस मुख्यालय, झारखंड, रांची के निदेर्शानुसार, दिल्ली पुलिस, एटीएस झारखंड और झारखंड पुलिस ने रांची के लोअर बाजार के पत्थलकुदवा चौक, रांची के अनगड़ा और पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी की। अशरफ दानिश को रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पत्थलकुदवा स्थित न्यू तबारक लॉज से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। 01 देसी कट्टा और 01 जिंदा कारतूस, कॉपर शीट, (हथियार सामग्री), हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सोडियम बाइकाबोर्नेट, सल्फर पाउडर, पीएच वैल्यू चेकर, बॉल बेयरिंग, 4 चाकू,10,500 रुपये नकद, 1 लैपटॉप और 1 मोबाइल फोन, वजन तौलने की मशीन, बीकर सेट, सेफ्टी ग्लव्स, रेस्पिरेटरी मास्क, प्लास्टिक बॉक्स, स्ट्रिप वायर, सर्किट, मदरबोर्ड और डियोड बरामद किए गए हैं। जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह ग्रुप किसी आतंकवादी संगठन से जुड़कर देश में किसी बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इस सिलसिले में देश के कई हिस्सों में छापेमारी की गई है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि इस मामले में दिल्ली से दो संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और जिस तरह के केमिकल्स और मेटल्स बरामद हुए हैं, उनकी भी विशेष जांच की जा रही है। गिरफ्तार युवक अशरफ दानिश दानिश, बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बुंडू पंचायत का रहने वाला है। उसके पिता मजहरूल हसन तेनुघाट कोर्ट में अधिवक्ता हैं और उनका पारिवारिक आवास भी बुंडू में है। बताया गया कि अशहर दानिश रांची में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। उसकी मां शिक्षिका हैं, जबकि छोटा भाई भी पढ़ाई कर रहा है।




## सरकार ने पेसा नियमावली पर किया गंभीरता से काम : विनोद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि राज?य सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उन?होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पेसा नियमावली को लागू करने की दिशा में गंभीर पहल की है। विभिन्न विभागों से सुझाव लेकर पेसा नियमावली को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। पांडेय ने यह बातें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर पलटवार करते हुए बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। पांडेय ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद भाजपा नेता आदिवासी और दलित समाज की चिंता करने का दिखावा कर रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री रहते रघुवर दास ने पेसा कानून लागू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि दास वास्तव में आदिवासियों के हितैषी थे तो जनता ने उनकी सरकार को नकार कर लगातार दो बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन को जनादेश क्यों दिया। उन्होंने भाजपा शासनकाल को भ्रष्टाचार, सीएनटी-एसपीटी उल्लंघन और कॉरपोरेट परस्ती से जोड़ते हुए कहा कि रघुवर दास को अपने कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए। पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा के लिए लोकतंत्र केवल सत्ता हासिल करने का जरिया है, जबकि झामुमो सरकार जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। नगर निकाय चुनाव को लेकर पांडेय ने कहा कि भाजपा की नीयत पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने की नहीं रही है। ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को दरकिनार कर चुनाव कराने से संबंधित दबाव डालना भाजपा के पिछड़ा विरोधी चेहरा उजागर करता है।

## कुड़मी-महतो को आदिवासी दर्जा के विरोध में 'आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा' ने कसी कमर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कुड़मी एवं महतो समुदाय को आदिवासी दर्जा देने की मांग के खिलाफ सिरमटोली सरना स्थल में विभिन्न आदिवासी संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं और बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने की। बैठक में आगामी 14 सितंबर को आयोजित होने वाली आक्रोश बाइक रैली को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर ग्लैडसन डुंगडुंग, अलविन लकड़ा, प्रवीण कच्छप, प्रताप कुशवाहा, संगीता तिर्की सहित कई आदिवासी नेताओं ने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि कुड़मी समुदाय जानबूझकर आदिवासी दर्जा हासिल करने की कोशिश कर रहा है, जबकि उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पृष्ठभूमि आदिवासियों से बिल्कुल भिन्न है। उन्होंने कहा कि आदिवासी पहचान जन्मजात होती है और इसे कोई भी समुदाय उधार में नहीं ले सकता। वहीं प्रताप कुशवाहा ने कहा कि कुरमी नया शब्द है, यह चुनाव के समय आंदोलन करता है और झारखंड की राजनीति को भ्रमित करता है। वहीं, ग्लैडसन डुंगडुंग ने आरोप लगाया कि कुड़मी समुदाय लगातार आदिवासियों के अधिकारों को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। अजय तिर्की ने चेतावनी दी कि यदि कुड़मी समुदाय ट्रेन रोककर आंदोलन करता है तो आदिवासी समाज जहाज रोककर कुड़मी समुदायों का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों और पहचान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। इस मौके पर प्रकाश हंस, रंजीत टोप्पो, राजेश लिंडा, प्रताप कुशवाहा, सुरज टोप्पो, बबलू उरांव, दिनेश बेदिया, अजय टोप्पो, अबर बेक, सुरज तिर्की, कैलास मुंडा, विवेक तिर्की, आशीष तिर्की, आदि लोग उपस्थित थे।



## ठेका श्रमिकों को हक नहीं मिलने पर करेंगे आंदोलन : अजय राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) श्रमिक संघ की आवश्यक बैठक बुधवार को आईआईसीएम कैंपस परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अजय राय ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों की समस्याओं पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं की तो संघ चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कोल इंडिया के निदेशक मंडल द्वारा ठेका श्रमिकों को बीमा, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं देने का निर्णय सराहनीय है, लेकिन आईआईसीएम प्रबंधन ने अब तक इन योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं किया, जिससे श्रमिकों में गहरी नाराजगी है। ऐसा हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ठेका श्रमिक अब खोखले आश्वासन नहीं चाहते, बल्कि अपना हक लड़कर लेंगे। यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो संघ सड़कों पर उतरकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। राय ने कहा कि दो माह से ईएल, ग्रेच्युटी और बोनस का भुगतान रोका गया है तथा अगस्त माह का वेतन भी नहीं दिया गया है। सात दिन के भीतर भुगतान नहीं होने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। साथ ही बीमा, चिकित्सा, आवास, शिक्षा और साक्षरता योजनाओं को लागू करने की मांग की। श्रमिकों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो आईआईसीएम श्रमिक संघ राज्यव्यापी आंदोलन करेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन और गोल्ड फील्ड कंपनी के पदाधिकारियों की होगी। बैठक में विजय शर्मा, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, वीरबहादुर सिंह, नीतेश कुमार सिंह, प्रीतम यादव, सुशीला कुमारी, पूनम दुबे सहित बड़ी संख्या में वर्कर शामिल थे।



## दो असहाय मंदबुद्धि व्यक्तियों को लाया गया सद्गुरु कृपा आश्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रणामी ट्रस्ट के अंतर्गत काम कर रही सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम दिव्यांग और निराश्रितों की सेवा जनवरी 2024 से कर रहा है। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विगत दो दिनों में दो मंदबुद्धि व्यक्ति को आश्रम में लाया गया। जो मानसिक रोगी हैं। आश्रम की टीम को सूचना मिली कि कांके रिंग रोड में एक लावारिस अवस्था में मंदबुद्धि व्यक्ति घूम रहा है। साथ ही एक मंदबुद्धि व्यक्ति हरमू रोड में पड़ा हुआ है। आश्रम की टीम दोनों व्यक्तियों को रेस्क्यू करके आश्रम लाई। टीम में आश्रम के सेवा साथी परमेश्वर साहू, सूरज कुमार और सत्यम कुमार शामिल थे। इसके बाद अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई गई। बाद में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) में लाया गया। दोनों व्यक्तियों के नाम और पते की कोई जानकारी संस्था को नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि आश्रम की टीम को सूचना मिलने पर समय-समय पर जरूरतमंदों को रेस्क्यू किया जाता है। आश्रम में रह रहे इन सभी निराश्रितों को गुरुजी सदानंद महाराज के सहयोग से घर जैसा माहौल देने की कोशिश की जाती है। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अभी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में दिव्यांग और निराश्रितों की संख्या 40 हो गई है। इनका समुचित देखभाल और सेवा की जा रही है।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव, आईएएस वंदना दादेल और विनय चौबे को जारी किया अवमानना नोटिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश का अनुपालन नहीं करने पर राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, भारतीय प्रशासनिक सेवा की आईएएस अधिकारी वंदना दादेल और नगर विकास विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, आईएएस अधिकारी वंदना दादेल और नगर विकास विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 14 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। उच्च न्यायालय अगली तिथि को उक्त अधिकारियों के विरुद्ध आरोप गठित करेगा। इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के जस्टिस आंनद सेन की अदालत में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस संबध में निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो की ओर से उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गई है।




## एक नजर

### माप-तोल विभाग के शिविर में मीटर, बाट और कांटों का किया गया सत्यापन

**रांची :** झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, मैकी रोड कार्यालय में बुधवार को माप-तोल विभाग की ओर से कैंप लगाया गया, जिसमें संघ के सदस्यों के माप-तोल लाइसेंस के साथ ही मीटर, बाट और कांटों का भी सत्यापन किया गया। कैंप में 100 से भी ज्यादा सदस्यों के लाइसेंस का सत्यापन किया गया। साथ ही मीटर, बाट और कांटों का सत्यापन भी किया गया। इस अवसर पर माप-तोल विभाग की ओर से विजय बहादुर गुप्ता, विधिक माप विज्ञान पदाधिकारी और संघ के अध्यक्ष उमाशंकर कानोडिया, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, महेश बजाज, मानद सचिव हैप्पी किंगर, सह सचिव विपुल जैन, विक्रम जैन, प्रमोद सारस्वत सहित विभाग के मथाई मुर्मू (बड़ा बाबू) सुरेश (अनुसेवक) सहित लाइसेंस सत्यापित करवाने वाले सदस्य भी उपस्थित थे।

### रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक



**रांची :** बुधवार को अपराह्न 2 बजे राँची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रधान कार्यालय परिसर स्थित बिहार क्लब सभागार में रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति 2025 का चुनाव राँची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के आजीवन सदस्य सह संस्थापक मुख्य संरक्षक डॉ अजीत सहाय, अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, महामंत्री रविन्द्र वर्मा जी एवं महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष जयसिंह यादव जी के उपस्थिति में रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की गठन की घोषणा हुई। जिसमें पिछले 16 वर्षों से राँची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के लगातार अध्यक्ष तपेश्वर केशरी एवं 11 वर्षों से लगातार महामंत्री बीरेंद्र साहु को पुनः सर्वसहमति से चुनाव किया गया। साथ ही इनके कुशल नेतृत्व में राँची ग्रामीण जिले के सभी 18 प्रखंडों से दुर्गा पूजा समिति के सक्रीय भागीदारी निभाने वाले प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए उनका चयन कर राँची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की घोषणा हुई । जिसमें मुख्य संरक्षकः संजय सेठ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री।

### दुर्गा सोरेन ने कार्यकर्ताओं के दिल पर छोड़ी है अमिट छाप : मुस्ताक

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला कमेटी की ओर से दुर्गा सोरेन की जयंती पर बुधवार को रांची के लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन चौक में भावाभिनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पार्टी के पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पार्टी के रांची जिला संयोजक मुस्ताक आलम ने कहा कि दुर्गा सोरेन के किए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। दुर्गा सोरेन जननेता के रूप में हर कार्यकर्ताओं के दिल पर अमिट छाप छोड़ी है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावे झामुमो रांची जिला संयोजक मुस्ताक आलम, पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, अंतू तिर्की, मंटू लाला, बीरू साहू, कलाम आजाद, रौशन सिंह, रामशरण तिर्की, आदिल इमाम, जुल्फीकार खान, विलियम रिचर्ड लकड़ा, फरीद खान, तालकेश्वर महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हेमन्त सोरेन ने बड़े भाई दिवंगत दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को अपने बड़े भाई स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम हेमन्त सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोवाडीह स्थित स्व. दुर्गा सोरेन चौक पहुंचे, जहां उन्होंने बड़े भाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड आंदोलन के अगुवा नेता, महान क्रांतिकारी और योद्धा, मेरे मार्गदर्शक आदरणीय दादा स्व. दुर्गा सोरेन जी की जयंती पर शत-शत नमन. झारखंड आंदोलन और राज्य निर्माण में आपका योगदान सभी को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिले तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच राज्य में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं तथा वर्तमान राजनीतिक मुद्दों सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राचीन मंदिर का पंडाल बना रहा है संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति

**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कचहरी चौक स्थित संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष परंपरा और सांस्कृतिक गरिमा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करने जा रही है। इस वर्ष यहां प्राचीन भारतीय मंदिर की शैली में पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल की वास्तुकला ओडिशा के लिंगराज और कोणार्क मंदिर से प्रेरित है। पंडाल के अंदर मां दुर्गा के भव्य दरबार का दर्शन होगा। दीवारों पर पारंपरिक महल का डिजाइन होगा। छतें अलंकारिक होंगी जो पंडाल के अंदरूनी हिस्से को और दिव्यता से भर देंगी। मां दुर्गा की प्रतिमा भी आकर्षक होगी। पंडाल निर्माण में पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों का उपयोग किया गया है। संग्राम क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष नीरज वर्मा ने बुधवार को बताया कि पूजा पंडाल में साढ़े छह लाख रुपये खर्च होंगे। लाइट और साउंड दो लाख रुपये और पूजा एवं अन्य खर्च चार लाख रुपये तथा मूर्ति में डेढ़ लाख रुपये खर्च होंगे। कुल खर्च लगभग 15 लाख रुपये के आसपास आएगा। पंडाल 55 फीट ऊंचा आए 50 फीट चौड़ा होगा। जबकि 12 फीट का मां दुर्गा का प्रतिमा होगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे और वॉलिंटियर्स की तैनाती रहेगी। सप्तमी को पंडाल का पट सभी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

### पेसा अधिनियम लागू न करना आदिवासी अधिकारों का अपमान : नायक

**रांची :** झारखंड में आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने पूर्व की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और वर्तमान की हेमंत सोरेन सरकार पर जानबूझकर पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम-1996 (पेसा एक्ट 1996) को लागू करने में देरी करने का आरोप लगाया है। विजय शंकर नायक ने बुधवार जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि झारखंड में कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देने के लिए आदिवासियों के संसाधनों की लूट को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पेसा कानून लागू न करना न केवल उच्च न्यायालय की अवमानना है, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और अधिकारों का अपमान भी है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय का बालू घाटों की नीलामी पर रोक का फैसला स्वागत योग्य है, लेकिन सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि आदिवासी समाज अब और चुप नहीं बैठेगा और सड़कों से लेकर हर मंच पर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा। नायक ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से आदेश की अवमानना करने वाले विभागीय अधिकारियों को जेल भेजने की मांग करते हुए कहा कि भ्रष्ट अधिकारी व पदाधिकारी जब जेल जाएंगे, तभी सरकार पेसा कानून लागू करने को बाध्य होगी।

### माकपा नेता संतोष घोष का निधन, पार्टी नेताओं ने जताया शोक

**रांची :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव मंडल सदस्य और पार्टी के धनबाद जिला सचिव संतोष कुमार घोष का बुधवार को धनबाद के मैथन अस्पताल में निधन हो गया। वे सत्तर वर्ष के थे। उनके निधन पर पार्टी नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। भारतीय सेना से अवकाश प्राप्त करने के बाद संतोष घोष ने दामोदर वैली निगम (डिवीसी) मैथन में सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया। यहां वे श्रमिक संगठनों के आंदोलन में शामिल हुए। वे डीवीसी श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी भी रहे। बाद में वे माकपा के सदस्य बने। मैथन में वे एक वामपंथी नेता के रूप में जाने जाते थे। धनबाद जिला में पार्टी के विस्तार के लिए उन्होंने काफी काम किया। वर्तमान में वे पिछले चार वर्षों से पार्टी के धनबाद जिला सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। वे पिछले सात वर्षों से पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य थे और इस साल उन्हें पार्टी के राज्य सचिव मंडल के लिए निर्वाचित किया गया था। माकपा के नेताओं ने संतोष कुमार घोष के निधन को अअपूर्णीय क्षति बताया है। पार्टी ने उनके सम्मान में झारखंड के सभी पार्टी कार्यालयों में अपने झंडे को झुका दिया है। माकपा के राज्य सचिवमंडल ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनकी पत्नी, दोनों बेटे अंशुमान घोष और कौशिक घोष एवं उनकी पुत्री के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। अंशुमान घोष का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सचिव मंडल सदस्य समीर दास, सुरजीत सिन्हा के अलावा अमल आजाद, विरेन्द्र कुमार, रामचंद्र ठाकुर, सुंदर लाल महतो, रामकृष्ण पासवान, शिव बालक पासवान, माया लायक, सुमना लाहिड़ी, गोपीकांत बक्शी सहित बड़ी संख्या में डीवीसी के मजदूर और पार्टी के कई नेता शामिल थे।

## एक नजर

### झंडा चौक का पार्किंग जोन अवैध सब्जी मंडी में तब्दील



**कोडरमा :** जिला के झुमरी तिलैया शहर झंडा चौक के पास देख सकते हैं किस प्रकार से यह पार्किंग जॉन को आवैध रूप से कब्जा कर सब्जी मंडी के रूप में तब्दील कर दिया है, जबकि सब्जी मंडी प्रशासन के द्वारा अशोका होटल के पीछे निर्धारित कर दिया गया है इसके बावजूद भी झंडा चौक के समीप पार्किंग जॉन को सब्जी मंडी बने हुए हैं जिससे आम जनों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही हैं इस पर प्रशासन को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### बीकेएमएस की बैठक जियाड़ा कमेटी का हुआ गठन

**बोकारो :** बुधवार को को रियांश मैरिज हॉल, गोविंद मार्केट बालीडीह में बी के एम एस (इ.ङ.ट.र) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अजय महतो, जे.एल.के.एम के बोकारो जिलाध्यक्ष अमरेश महतो, केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो, केंद्रीय प्रवक्ता जयदेव कुमार महतो, केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य बलराम झा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा महतो सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान जियाड़ा इकाई के लिए बीकेएमएस का कमेटी गठन किया गया। नई कमेटी में बलराम झा को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं आरिज हुसैन, रथु लहरी, नलिन कपरदार, संजय रजवार और जिलानी अंसारी को उपाध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। कोषाध्यक्ष का पद उत्पल मंडल को सौंपा गया। इसके अलावा संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए 40 सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया।

### द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों की कक्षाओं का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा :** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा गोहाल में प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार ने सत्र 2024-27 एवं सत्र 2025-28 के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों की कक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं द्वारा संचालित वर्ग कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान व्याख्याताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ करते पाया गया। प्राचार्य ने छात्रों से भी कक्षा संचालन तथा अध्यापन व्यवस्था के बारे में सीधा संवाद किया। छात्रों ने बताया कि नियमित रूप से वर्ग कार्य संचालित हो रहे हैं और पढ़ाई की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वहीं छात्रों के द्वारा रात्रि में बिजली की समस्या की बातें रखी गई।

# उपायुक्त ने योगीडीह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** उपायुक्त ऋतुराज ने मरकच्चो प्रखंड के अंतर्गत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय योगीडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, छात्रों की उपस्थिति पंजी, प्रोजेक्ट रेल के अंतर्गत आयोजित टेस्ट, प्रोजेक्ट इंपैक्ट की गतिविधियाँ, पाठ्यक्रम की प्रगति, पोषण वाटिका, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं मध्याह्न भोजन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट रेल के तहत सभी छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं (कॉपी) अलग-अलग होनी चाहिए ताकि मूल्यांकन पारदर्शी और प्रभावी ढंग से हो सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कक्षा में बच्चों को स्वयं पढ़ाया और गणित के कई सवाल पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिए, जिस पर उपायुक्त ने उनकी सराहना की और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यालय प्रभारी को निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## उपायुक्त ने मरकच्चो प्रखंड का किया दौरा दरदाही पीएचसी का किया औचक निरीक्षण



**कोडरमा :** उपायुक्त ऋतुराज ने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरदाही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में स्टॉक रजिस्टर, चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी, रोस्टर रजिस्टर, ओपीडी पंजी, डिलीवरी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में रजिस्टरों का संधारण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकार के रजिस्टरों का संधारण सुव्यवस्थित और अद्यतन रूप से किया जाए। उपायुक्त ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने टी.बी. जांच की गति तेज करने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

## बोकारो में मारपीट का वीडियो वायरल, तीन आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शहर के सिटी थाना क्षेत्र में देर रात हुई मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग कार से उतरकर सड़क पर खड़े युवक की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं। घटना में आरोपियों ने युवक को जबरन घसीटकर गाड़ी में बैठाने की भी कोशिश की। यह घटना सिटी थाना क्षेत्र की कॉपरेटिव कॉलोनी में मंगलवार रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर घटी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस घटना के पीछे की वजह की जांच कर रही है, जबकि इलाके में वीडियो वायरल होने के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।

## माटी शिल्पकारों के बीच विद्युत चाक का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** जिला उद्योग केन्द्र, कैम्प कार्यालय बोकारो द्वारा बुधवार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने की। मौके पर विभिन्न पंचायतों के मुखियागण उपस्थित रहे।

**90 प्रतिशत अनुदान पर 19 लाभुकों को मिला लाभ**

कार्यक्रम के तहत माटी शिल्पकार से जुड़े कुल 19 लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर विद्युत चाक का वितरण किया गया। इसमें चास प्रखण्ड के 9 लाभुक, चंदनकियारी प्रखण्ड के 6 लाभुक, नावाडीह प्रखण्ड के 1 लाभुक तथा पेटरवार प्रखण्ड के 3 लाभुक शामिल रहे।

**आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन की दिशा में कदम**

मौके पर महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य परंपरागत कारीगरों को आधुनिक साधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है। विद्युत चाक मिलने से शिल्पकारों की उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, जिससे उनकी आय में भी सुधार होगा। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक समेत, उतासारा के मुखिया देवेन्द्र नाथ नायक, ई० ओडीबी प्रबंधक विकास प्रकाश, जिला उद्यमी समन्वयक किशोर रजक, प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक सुभाष चन्द्र सिंह, राजेश महतो, मोहन प्रसाद एवं नरेन्द्र शेखर आदि उपस्थित थे।

## राम भगवान के चबूतरे को गंगाजल से किया गया शुद्धिकरण : प्रदीप बर्मन

**बोकारो :** बोकारो के चास धर्मशाला मोड़ स्थित श्री राम चौक पर आज शक्ति सेना प्रमुख प्रदीप बर्मन के नेतृत्व में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान राम भगवान के चबूतरे पर गंगाजल से शुद्धिकरण कर पूजा-पाठ और आरती की गई। प्रदीप बर्मन ने बताया कि कुछ दिन पूर्व असामाजिक तत्वों ने धार्मिक जुलूस के दौरान श्री राम चौक पर धार्मिक झंडा लगाने का प्रयास कर यहां के साम्प्रदायिक माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की थी। इस घटना की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की चुप्पी चिंताजनक है। संगठन ने इस मामले की जानकारी गृह मंत्रालय को दे दी है और जल्द ही कानून मंत्री को भी अवगत कराया जाएगा।

## आईजी बोकारो ने कोडरमा में किया वार्षिक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** क्रांति कुमार गड़िदेशी पुलिस महानिरीक्षक उछोप्रक्षेत्र, बोकारो द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस केन्द्र, कोडरमा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो ने कार्यालय विभिन्न शाखाओं/प्रशाखाओं के अभिलेखों की गहराई से समीक्षा के साथ-साथ रिकॉर्ड का रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, अपराध एवं अनुसंधान नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाहियों तथा आम नागरिकों की शिकायतों पर हो रही कार्रवाई का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंनें पदाधिकारियों / कर्मियों को निर्देशित किया कि पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जनसुलभता को पुलिस व्यवस्था का आधार बनायें। पुलिस कर्मियों को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा पर विशेष बल देते हुए कहा कि आमजन को त्वरित न्याय दिलाना ही पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है । उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दा'त नही कि जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो ने पुलिस केन्द्र, कोडरमा की विभिन्न व्यवस्थाओं, वाहनों की स्थिति, हथियारों के रख-रखाव, संचार प्रणाली एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की । साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को अपराध और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने तथा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए । पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय कोडरमा का निरीक्षण किया गया, जिस क्रम में कांडों के पर्यवेक्षण की स्थिति, अपराध एवं अनुसंधान नियंत्रण संचिका, दैनिक प्रतिवेदन, मासिक प्रतिवेदन आदि का समीक्षा किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के अंतर्गत सभी थाना प्रभारी से उनके थाना क्षेत्र के विधि-व्यवस्था का जायजा लिया एवं थाना में अभिलेखो को सुव्यवस्थित एवं सही तरीके से संधारित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । निरीक्षण के दौरान अनुदीप सिंह पुलिस अधीक्षक, कोडरमा, रतिभान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक कोडरमा, अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी, कोडरमा, दिवाकर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, कोडरमा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो /कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति की एक बैठक दिनांक 10 सितंबर को समय 12:00 बजे मरकच्चो प्रखंड के बंधन चौक के समीप सिंह भवन मे संपन्न हुई बैठक के मंच की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे तथा संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर तथा दिवाकर तिवारी ने संयुक्त रूप से किया बैठक में पूर्व से निर्धारित मुद्दों पर चर्चा किया गया जिसमें बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति संगठन की मजबूती तथा स्वर्गीय शिबू सोरेन जी के अंतिम जोहर यात्रा के कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा किया गया और यह निर्णय लिया गया की गुरु जी के अंतिम जोहार यात्रा पूरे विधानसभा में गांव गांव हर गली चौराहे तक उनके विचारों को पहुंचाने का लक्ष्य हासिल हो तथा जोहर यात्रा के माध्यम से जनता से समस्याओं को लेकर सीधा संवाद स्थापित करना तथा उसका जहां तक संभव हो सके समाधान करने का लक्ष्य रखा गया मौजूदा सरकार के द्वारा जारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को किस हद तक अभी मिला है इसकी समीक्षा करने का भी निर्णय लिया गया बैठक में मौजूद जिला समिति के पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तर के पार्टी से जुड़े लोगों ने बारी-बारी से अपने विचारों को रखा तथा गुरुजी के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन जी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी विचारधारा जिंदा है पार्टी उनके आदर्शो से कभी जुदा नहीं हो सकती लोगों को इस बात का सुझाव दिया गया की हर प्रखंडों से जोहर यात्रा चलते हुए इसका समापन जिला में किया जाएगा जो एक यादगार पल होगा।

## 19 सितंबर को प्लांट गोलचक्कर पर हुंकार : बिके चौधरी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर-9 मे आज कार्यकारिणी एवं शाखा पदाधिकारीयों की अहम बैठक महामंत्री बि के चौधरी के अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे बोनस सहित अन्य मांगो पर बिस्तृत चर्चा मे भाग लेते हुए बक्ताओं ने सेल प्रबंधन और एन जे सी एस का मजदूर बिरोधी मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए एक स्वर मे कहा कि कमीर्यों के अथक परिश्रम का नतीजा रहता है कि प्लांट मुनाफा छोड़कर कभी घाटा मे नही रहता बाबजूद इस्पात कमीर्यों और ठेका कमीर्यों का लम्बित मांगो पर प्रबंधन और एन जे सी एस का मानसिकता मजदूर बिरोधी रहा है इसलिए मजदूरों का इमानदारी से पक्ष रखने बाला जय झारखण्ड मजदूर समाज को आन्दोलन की ओर बढ़ना चाहिए क्योंकि मजदूर वर्ग को एक मात्र हमारे युनियन और नेताओं पर भरोषा है ।

# डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने रोप स्किपिंग नेशनल चैम्पियनशिप में सात रजत पदक जीते


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास बोकारो के विद्यार्थियों ने सीबीएसई रोप स्किपिंग नेशनल चैम्पियनशिप 2025 में सात रजत पदक जीतकर अपने विद्यालय, जिला तथा पूरे झारखंड प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता सिगनस हाई वर्ल्ड स्कूल अंबाला हरियाणा में 04 सितंबर से 07 सितंबर 2025 को आयोजित थी। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 125 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिताएँ लड़कियों के लिए अंडर-14 तथा अंडर-19 व्यक्तिगत और टीम स्पधाओं में आयोजित की गईं थीं। विजेता खिलाड़ियों को वापस आने पर आज उन्हें विद्यालय में सम्मानित किया गया। रोप स्किपिंग के डबल डच फ्रीस्टाइल में-कक्षा- छह की आशी सिंह, वंशिका सुमन एवं कुमारी आकृति ने रजत पदक हासिल की। डबल डच पेयर फ्रीस्टाइल में भी आशी सिंह, वंशिका सुमन, कुमारी आकृति एवं जोया सिद्दिकी ने रजत पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों की तैयारी शारीरिक शिक्षक राहुल प्रताप के मार्गदर्शन में हुआ था। टीम के साथ महिला कोच के रूप में शिप्रा द्विवेदी भी शामिल थीं। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने पदक विजेताओं को उनकी कड़ी मेहनत, ऊर्जा और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा थी, लेकिन हमारे विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह तैयार थे। विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डीपीएस चास, बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। हम हमेशा छात्रों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तिलैया में 2.1 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार



**कोडरमा :** अनुदीप सिंह, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हजारीबाग की ओर से तिलैया थानान्तर्गत आये एक संदग्धि व्यक्ति को बैग के साथ देखा गया है, जो अपने बैग में मादक पदार्थ रखे हुए है तथा वह व्यक्ति कोडरमा रेवले स्टेशन से ट्रेन पकडने वाला है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक , कोडरमा द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए कोडरमा रेलवे स्टेशन के पास छापामारी की गयी, जिस क्रम में एक व्यक्ति को पकडा गया, जिसका विधिवत तलाशी लेने पर उसके बैग से करीब 2.100 कि0ग्रा0 अफीम बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य करीब 10 लाख रुपए आंका गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड सं0 279/25, दिनांक 09 .09 .2025 धारा 17(b)/18(b)/22(b)/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है । गिरफ्तारी -राहित कुमार, पिता आशीष कुमार दांगी, ग्राम- मंझोली कला, थाना राजपुर, जिला चतरा । बरामद/जब्त अदद -अफीम. 2.100 कि0ग्रा0 । VIVO कंपनी का मोबाइल- 01 ब्लु रंग का बैग- 01 छापामारी दल - अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा, . पु0नि0 विनय कुमार, थाना प्रभारी, तिलैया, पु0अ0नि0 नरेश सिंह, तिलैया थाना, तिलैया थाना पैंथर जवान ।

### किसान मित्र संघ की हुई आम बैठक



**कोडरमा :** जिले के ध्वजाधारी पहाड़ कोडरमा के प्रांगण में दिन बुधवार को समय 11:15 बजे किसान मित्र संघ कोडरमा प्रखंड की अहम बैठक संघ के संगठन को लेकर युगल किशोर यादव के अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संगठन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में प्रदीप कुमार एवं अनुज कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। इन दोनों के देखरेख में उपस्थित सभी किसान मित्रों ने सर्व समिति से अध्यक्ष के रूप में महेश यादव एवं उपाध्यक्ष मनोज शर्मा एवं कविता देवी तथा सचिव किशोर यादव व कोषाध्यक्ष पंकज कुमार का चयन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी किसान मित्रों का भरपूर सहयोग रहा है। मौके पर बैजनाथ यादव, रोहित यादव, सनी कुमार, लक्ष्मण यादव, शकुंतला देवी, प्रदीप कुमार, अर्जुन महतो, डोमन पासवान, बलराम यादव, अजय यादव, उमाशंकर यादव, गोविंद यादव, किशन यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### कचरा डंपिंग यार्ड को आबादी से दूर बनाने के लिए विधायक ने लिखा पत्र



**कोडरमा :** स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने डोमचांच प्रखंड के पचगावां में कचरा डंपिंग यार्ड एवं रिसाइकलिंग प्रोजेक्ट के संबंध में उपायुक्त को पत्र लिखकर इसे आबादी से दूर बनाने को कहा है। बुधवार को दिए इस पत्र में विधायक ने कहा है कि कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड अंर्तगत मसनोडीह पंचायत के पचगावां गांव के समीप नगर पंचायत डोमचांच के द्वारा कचरा डंपिंग यार्ड एवं रिसाइकलिंग प्रोजेक्ट बनाने की योजना है। स्थानीय ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को ग्रामीणों को कार्य शुरू होने की जानकारी मिलते ही स्थल पर भीड़ जमा होने लगी और उक्त जमीन पर ही बैठ कर लोगों ने विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना था कि यहां पर कचड़ा यार्ड बनने से वातावरण प्रदूषित होगा, हमलोगों की परेशानी बढ़ेगी। पहले भी कोडरमा नगर पंचायत के लिए चन्द्रोडीह में इस तरह का यार्ड बनाया गया जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाई होती है, वहीं इस यार्ड का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने डोमचांच के पचगावां स्थित प्रस्तावित स्थल पर स्कूल और स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने की मांग की है। पचगावां में एक एकड़ जमीन पर प्लांट का निर्माण होना है और भविष्य में चार एकड़ अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण कर प्लांट का विस्तार करने की योजना है। विधायक ने जनहित में तथा ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पचगावां में प्रस्तावित इस योजना को तत्काल स्थगित करते हुए गांव से दूर प्लांट को लगवाने को कहा है, जहां आबादी प्रभावित ना हो।

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान



**बोकारो :** जिले में आज को खनन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जरीडीह थाना अन्तर्गत जैनामोड़ चौक के समीप पथ पर अवैध रूप से कोयला खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए 2 ट्रक पकड़े गए। दोनों ट्रकों को विधिवत जप्त कर जरीडीह थाना को सुपुर्द किया गया तथा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। साथ ही, दोनों ट्रक चालकों को स्वस्थ हालत में गिरफ्तार कर थाना को सौंपा गया। इस अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो एवं पुलिस बल मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) श्री रवि कुमार सिंह ने दी।

### नीमडीह के अभियुक्त सर्वेश्वर महतो के घर में डुगडुगी बजाकर चिपकाया इश्तिहार



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर टोला तेलाईटांड़ में सर्वेश्वर महतो के घर नीमडीह पुलिस ने डुगडुगी बजाकर इश्तिहार चिपकाया। नीमडीह थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी ने बताया कि नीमडीह थाना कांड संख्या 45/2025 दिनांक 13-08-2025 ,धारा 64(1)/63/76/333/118(1) बीएन एस 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त सर्वेश्वर महतो पिता धनंजय महतो के गांव तेलाईटांड़ में डुगडुगी बजाकर उसके दरवाजे पर न्यायालय से निर्गत इश्तिहार चिपकाया गया।

# विशेष सदस्यता बृद्धि अभियान का विधायक व उपायुक्त ने किया शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु लेम्पस परिसर में बुधवार को विशेष सदस्यता बृद्धि अभियान का शुभारंभ विधायक सविता महतो एवं सरायकेला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह व पंचायत प्रतिनिधियों ने नये सदस्यों को अंश? प्रमाण पत्र सौंपकर किया। वहीं उपायुक्त श्री सिंह ने सदस्यों व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लैम्पस एक बहुउद्देशीय सहयोग समिति है, जिसमें क्षेत्र के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लैम्पस में जुड़कर कृर्षि,बीपनन , वाणिज्य एवं विनिर्माण आदि कार्य किया जा सकता है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक सदस्यता ग्रहण कर इसका लाभ उठाने का अपील किया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि लैम्पस के साथ जुड़कर किसान अपने उत्पादन धान का विक्रय कर सकते हैं और बहुत सारे योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने सोड़ो कोल्ड स्टोर को चालु कराने का मांग किया। विधायक के मांग करने पर तत्काल उपायुक्त ने सोड़ो में निमार्णाधीन कोल्ड स्टोर का जांच किया एवं कनीय अभियंता को समय पर कार्य पुरा नही होने से जमकर फटकार लगाई। उपायुक्त ने कोल्ड स्टोर का जांच के लिए एक विशेष टीम बनाकर जांच करने की बात कही। विशेष सदस्यता बृद्धि अभियान में नये 58 सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया। दुर्गा पूजा से पहले मिलन चौक से सितु बाजार तक स्ट्रीट लाइट व टीकर पुल का होगा मरम्मती विधायक सविता महतो ने मंच से जर्जर टीकर पुल का मरम्मती कराने एवं मिलन चौक से सितु बाजार तक स्ट्रीट लाइट लगवाने का मामला उठाई । वहीं उपायुक्त श्री सिंह ने दुर्गा पूजा से पहले पुल मरम्मती एवं 15 स्ट्रीट लाइट लगवाने का घोषणा भी सार्वजनिक रूप से किया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो,बीसीओ बसंत राय, बीडीओ एकता वर्मा,सीओ दीपक प्रसाद,प्रमुख गुरू पद मार्डी, मुखिया लक्ष्मी देवी, लैम्पस अध्यक्ष बलभद्र सिंह मुण्डा, लेखापाल भोलानाथ दास, पंचायत सचिव अशोक मंडल आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मातृ व शिशु मृत्यु दर कम करने को लेकर जागरूकता



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर पंचायत में जन्म व मृत्यु दर कम करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सहिया कौशल जांच ओर ज्ञान वृद्धि आकलन किया गया। जानकारी देते हुए टाटा स्टील फाउंडेशन के राजकुमार ने बताया कि मानसी प्लस सहित सहिया उपस्थित थे।

### प्लस टू उच्च विद्यालय सरिया में गुरु गोष्ठी संपन्न

**सरिया :** प्लस टू उच्च विद्यालय सरिया में बुधवार को मासिक गुरु गोष्ठी संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार प्रभाकरण ने किया। इस गोष्ठी में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई साथ ही शिक्षकों को कई निर्देश भी दिए गए। कहा गया कि प्रत्येक कार्य दिवस में मध्यान भोजन का एस एम एस आवश्यक रूप से करें। वहीं छात्र व शिक्षक की उपस्थिति इ विद्या वाहिनी पोर्टल से प्रतिदिन भेजने को कहा गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार यू- डायस प्लस पोर्टल पर छात्रों का अद्यतन, अपार आईडी जेनरेट करना प्रयास कार्यक्रम का संचालन रेल प्रोजेक्ट आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं विद्यालयों का रूटीन नोट्स ओंन लेसन नियमित घंटी संबंधित विषयों पर ध्यान आकर्षण कराया गया। पोस्ट ऑफिस में बच्चों का खाता खोलना संबंधित चर्चा एवं की गई। इ कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु सभी कोटि के अध्यनरत बच्चे का रजिस्ट्रेशन करवा ने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वह प्रत्येक कार्य दिवस में विद्यालय बंद के उपरांत राष्ट्रगान एवं छात्र-छात्राओं की गिनती आवश्यक रूप से करें। इस मौके पर भारत कुमार महतो, शत्रु राम महतो, प्रकाश पांडे, भगवत दास, रमेश प्रसाद वर्मा, संजय सिंह, नरेश मंडल, गुड़िया कुमारी, शिव शंकर रूपांशु, किरण कुमारी, लीलावती कुमारी, लीला देवी, आदित्य कुमार शर्मा, सहदेव पांडे, कुमारी अलका, सुशील कुमार शर्मा सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

### सरिया बाजार में डांडिया नाइट 3 की धूम, मेघा डांस क्लासेज के कलाकारों का उत्साह चरम पर

**सरिया :** सरिया प्रखंड के सरिया बाजार स्थित मंडल धर्मशाला में आगामी 20 सितंबर 2025 को डांडिया नाइट 3 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों और मेघा डांस क्लासेज के कलाकारों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस बार खास बात यह है कि डांडिया नाइट 3 में सभी स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिससे कार्यक्रम को और भी रंगारंग बनाने की उम्मीद है। नवरात्रि के उत्सवी माहौल में आयोजित होने वाला यह डांडिया नाइट स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करने का एक शानदार मंच साबित होगा। आयोजकों का कहना है कि इस बार का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना में और भी भव्य होगा, जिसमें पारंपरिक संगीत, नृत्य का समावेश होगा। स्थानीय कलाकारों की भागीदारी से कार्यक्रम में स्थानीयता का रंग और गहरा होगा, जिससे दर्शकों को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि डांडिया नाइट न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह समुदाय को एकजुट करने और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का भी एक शानदार अवसर है। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, और सभी को इस रंगारंग उत्सव में शामिल होने का बेसब्री से इंतजार है।

### बाकरकुड़ी गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से आठ वर्षीय मासूम की मौत



**ईचागढ़ :** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के बाकरकुड़ी गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ वर्षीय मासूम सौरभ कालिंदी की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, सौरभ घर से निकलकर गांव की सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। हादसे के बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से तिरुलडीह पुलिस ने बच्चे को एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना ले आई है। तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बीमा और अन्य सरकारी प्रावधानों के तहत परिजनों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### मिलन चौक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन महतो चुने गए



**अनगड़ा :** हेसल मंझिला टोली मिलन चौक श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली के अध्यक्षता में हुई । संचालन सुरज नारायण महतो ने किया। दुर्गा पूजा का सफल संचालन हेतु कमिटी का गठन किया गया। इस बैठक में आसपास के मंझिला टोली, मासु, जमुवारी, हेसल, उलातु और मानकिदीपा गांवों के लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

## सिंचाई संकट से जूझ रहे झारखंड के किसान बगोदर विधायक ने दिल्ली में रखी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** बगोदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह झारखंड विधानसभा के सचेतक नागेन्द्र महतो ने दिल्ली में कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की.इस दौरान विधायक ने बगोदर समेत झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की सिंचाई व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। बगोदर विधायक श्री महतो ने कृषि मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि झारखंड के अधिकांश ग्रामीण इलाके पूरी तरह वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के किसान धान जैसी पारंपरिक फसलों तक ही सीमित रहते हैं। अन्य मौसमी एवं नगदी फसलें उगाने में असमर्थ रहते हैं। परिणामस्वरूप किसानों को फसल हानि,आर्थिक संकट और मजबूरी में पलायन जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी चिंताजनक है कि बगोदर क्षेत्र के हजारों किसान परिवार आज भी जीविकोपार्जन के लिए विदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों में प्रवासी दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करने को विवश हैं। आए दिन प्रवासी मजदूरों के साथ दुर्घटनाएँ और सामाजिक समस्याएँ सामने आती हैं,जो अत्यंत दुखद एवं चिंतनीय है। ऐसे हालात को देखते हुए विधायक नागेन्द्र महतो ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि झारखंड के सभी पंचायतों में डीप बोरिंग अधिष्ठापित किए जाएं। जिससे किसानों को साल भर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक पंचायत में डीप बोरिंग की व्यवस्था की जाती है तो न केवल कृषि उत्पादन एवं फसल विविधीकरण संभव होगा बल्कि किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण पलायन की समस्या पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। विधायक ने कहा कि यह कदम किसानों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष सह मुखिया अजय यादव एवं सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव भी मौजूद रहे।

## भादर करम मिलन समारोह का हुआ उद्घाटन, थिरके दर्शक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक सितु -पिलीद में बुधवार को भादर करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन भादर करम मिलन समारोह के अध्यक्ष रंजीत सिंह मुण्डा, वरिष्ठ पत्रकार अरूण माझी, समाजसेवी दीलीप कुमार दास,चंदन कुमार महतो, एलडीएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य लम्बोदर महतो, ग्राम प्रधान राजेन सिंह मुण्डा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ झामुमो नेता विश्वरंजन महतो, समाज सेवी खगेन महतो, नटराज कला केंद्र के सचिव प्रभात कुमार महतो, पूर्व मुखिया पंचानन पातर उपस्थित थे। आदिवासी रिती रिवाज से करम डाली का पूजा अर्चना कर एलडीएम पब्लिक स्कूल के करम दल द्वारा करम नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं विश्वरंजन महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि करम पर्व के उपलक्ष्य में भादो करम मिलन समारोह अच्छा पहल है। हमारी पहचान ही हमारा संस्कृति है। वहीं खगेन महतो ने कहा कि यह समारोह आपसी भाईचारा और प्राकृतिक प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमें संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है। मौके पर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, उप मुखिया हाराधन महतो, श्याम्बो पातर, निमाई महतो , साधुचरण महतो, अंम्बिका महतो, सुभाष महतो, बलराम महतो आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने घर से गायब नाबालिग को किया बरामद आरोपी को भेजा जेल

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के मुर्कमनाय से गायब नाबालिग को मरकच्चो पुलिस ने मुर्कमनाय टांड़ के एक घर से बरामद कर लिया है तथा मामले में संलिप्त आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मालूम हो कि 9 सितंबर की रात्रि से नाबालिग अपने घर से गायब थी। मामले को लेकर नाबालिग की माँ ने मरकच्चो थाना को आवेदन देकर घटना की जानकारी दी थी। दिए गए आवेदन में नाबालिग की मां ने बताया है कि 9 सितंबर की रात 10 बजे उसकी पुत्री शौच के लिए निकली थी जो काफी देर तक घर वापस नही आई। वापस नहीं आने पर परिजनों के द्वारा खोज बिन शुरू की गई लेकिन कुछ भी पता नही चल पाया। आवेदन में नाबालिग की मां ने बताया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गेतलसूद में 3 अकटूबर को होगा रावण दहण, जैलेन्द्र कुमार बने समिति के अध्यक्ष



**अनगड़ा :** गेतलसुद में रावण दहन को लेकर शिव मंदिर प्रांगण में एक बैठक सीताराम मुंडा की अध्यक्षता में रखी गई बैठक में गांव के सभी लोग सामिल हुए सर्व सहमति से भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार को रावण दहन समिति का (अध्यक्ष )सचिव संतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह व अजय राज, कार्यकारी अध्यक्ष बिगेश्वर महतो, उपाध्यक्ष शिकारी महतो, जीतून महतो, शिवा महतो, रामबिहारी सिंह, सहसचिव गणेश लोहरा, मंच संचालक वीरेन्द्र यादव, मुख्यसंरक्षक सीताराम मुंडा, संरक्षक मुखिया शांति मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, अनिल कुमार चौधरी, मुख्य पुजारी बटेश्वर दास गोस्वामी को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में भोला महतो, नरेश महतो, कैलाश महतो, ममता देवी, मुनिता देवी, अनिता देवी, गणेश गोस्वामी, राजीव कुमार, सुरेन्द्र महतो, बिनोद चौधरी, गुडडू सिंह, प्रदीप महतो, रंजन महतो, मुकेश महतो को रखा गया। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस बार स्थल को गेतलसूद स्कूल मैदान से बदलकर सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में 3 अक्टूबर को किया जाएगा। रावण व कुंभकर्ण का पुतला दहन होगा। शाम में धार्मिक नाटक का मंचन होगा। बंगाल के कलाकारों के द्वारा भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

### दुलमी में शिक्षकों का सम्मान, क्विज व सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाया प्रतिभा



**ईचागढ़ :** कुकडू क्षेत्र के दुलमी में बुधवार को नव युवक संघ एवं बिनापाणी ट्यूटोरियल के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज को दिशा दिखाने वाले शिक्षकों को समर्पित था। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन ओड़िया पंचायत की मुखिया सुनीता सिंह मुंडा ने फीता काटकर किया। समारोह में क्षेत्र के कई शिक्षकों को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लिखित क्विज प्रतियोगिता ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। क्विज में शीर्ष दस प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, जबकि अन्य विद्यार्थियों को भी आकर्षक पुरस्कार मिले। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि पहाड़ सिंह मुंडा, नवयुवक संघ के अध्यक्ष बुद्धदेव बनर्जी, बिनापानी ट्यूटोरियल के संस्थापाक सनातन गोस्वामी, शिक्षक त्रिलोचन कुमार, महिपाल महतो, मिलन बनर्जी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समापन पर सभी ने एक स्वर में शिक्षा के महत्व और शिक्षकों के सम्मान पर जोर दिया।

### दुलमी में शिक्षकों का सम्मान, क्विज व सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**ईचागढ़ :** कुकडू क्षेत्र के दुलमी में बुधवार को नव युवक संघ एवं बिनापाणी ट्यूटोरियल के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह पूरी तरह उन शिक्षकों को समर्पित था, जिन्होंने समाज और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देने में अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद ओड़िया पंचायत की मुखिया सुनीता सिंह मुंडा ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह के दौरान क्षेत्र के कई शिक्षकों को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बाँधा, वहीं लिखित क्विज प्रतियोगिता ने समारोह को और जीवंत बना दिया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। क्विज में अव्वल रहने वाले दस प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को भी आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा गया, जिससे बच्चों और युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# भाजपा करेगी जमशेदपुर में चारों प्रखंड कार्यालयों पर आक्रोश प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर :** सूर्या हांसदा एनकाउंटर एवं रिम्स टू निर्माण में जबरन आदिवासी भूमि अधिग्रहण के खिलाफ प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार के खिलाफ 11 सितंबर को पूरे राज्यभर के प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेगी। इस निमित्त, गुरुवार को जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ता चारों प्रखंड कार्यालय एवं जिला उपायुक्त कार्यालय पर आक्रोश-प्रदर्शन करेंगे। इस सबंध में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि गुरूवार को भाजपा कार्यकर्ता करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड, पोटका प्रखंड, बोड़ाम प्रखंड, पटमदा प्रखंड कार्यालय एवं जिला उपायुक्त कार्यालय पर सुबह 11 बजे से प्रदर्शन करेंगे। जिसमें जबरन आदिवासी जमीन के अधिग्रहण एवं आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की इनकाउंटर की जांच सीबीआई से कराने की मांग की जाएगी। प्रदर्शन के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। वहीं, उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रखंडों में भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं के संदर्भ में भी ज्ञापन सौंपकर उचित और शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी। सुधांशु ओझा ने बताया कि आक्रोश-प्रदर्शन में पटमदा एवं कमलपुर मंडल के कार्यकर्ता पटमदा प्रखंड कार्यालय, बोड़ाम मंडल के कार्यकर्ता बोड़ाम प्रखंड कार्यालय एवं पोटका, कौवाली और आसनबनी मंडल के कार्यकर्ता पोटका प्रखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। इसके साथ ही, सुंदरनगर, बागबेड़ा, घाघीडीह, गोविंदपुर, घोड़ाबांधा, परसुडीह, एमजीएम एवं जुगसलाई मंडल के कार्यकर्ता करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय एवं सीतारामडेरा, गोलमुरी, टेल्को, बारीडीह, बिरसानगर, बमामाईंस, साकची पूर्वी, साकची पश्चिम, कदमा, सोनारी, बिस्टुपुर, मानगो, उलीडीह, आजादनगर मंडल के कार्यकर्ता जिला उपायुक्त पर प्रदर्शन करेंगे। जिला उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन से पूर्व कार्यकर्ता साकची स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित होंगे। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी अस्मिता के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड में ध्वस्त विधि व्यवस्था, हत्या, भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और खनिज संपदाओं की खुली लूट से जनता त्रस्त और आक्रोशित है। उन्होंने सभी कार्यकताओं एवं आम जनमानस से आह्वान किया कि वे आक्रोश-प्रदर्शन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर तानाशाही हेमंत सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करें। वहीं, मंगलवार देर शाम तक जमशेदपुर महानगर के प्रखण्ड कार्यालय अंतर्गत विभिन्न मंडलों में भाजपा की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आक्रोश-प्रदर्शन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।


**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
**Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001**
**(Offline Hard Copy Submission)**
**2nd Call**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Letter no. 495** **NIT No.- JIIDCO/RAMP/RFP/18/2025-26** **Date:10.09.2025**

1. JIIDCO, Ranchi intends to empanelment Hotels for organizing events, workshops, seminars, etc. and for providing hospitality services under RAMP Programme, and invites bids from eligible hotels, in providing the services as mentioned in this Request for Proposal (RFP).
2. To participate in the bidding process, the bidders are required to visit JIIDCO website: www.jiidco.co.in for the tender document.
3. Designation and Address of the Advertiser: - Managing Director, JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
4. Schedule of Events:
a. Mode of submission of tender :- Hardcopy submission at the above address
b. Date of publishing on website :- 10.09.2025
c. Last date for Hardcopy submission of Bid Documents :- 23.09.2025, upto 3:00 P.M.
d. Bid opening date (Technical) :- 23.09.2025 at 4:00 P.M.
e. Site visit date :- to be communicated to bidders on a later date.
f. Date of opening of Financial bid :- to be communicated to qualified bidders.
5. Details of works:-

| Bid No. | Tender reference No- | Name of work | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of tender (Non-refundable in Rs.) | Time of Empanelment |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | JIIDCO/RAMP/RFP/18/2025-26 | Empanelment of Hotels for organizing events, workshops, seminars, etc and providing hospitality services under RAMP Programme. | NIL | 2,360.00 (Inclusive GST) | Till 31st March 2027 |

6. Tender fee (non-refundable) is to be received through online mode through NEFT/RTGS/IMPS or by way of Demand Draft / Pay Order/ Bankers Cheque, drawn on any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation (JIIDCO), Jharkhand payable at RANCHI. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee.
Hardcopy/Physical copy of the Tender fee submission receipt is required to be submitted along with the Technical submission for tender opening/evaluation failing which the tender will be rejected and not evaluated further. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
7. Bid Validity :- 180 days
8. Place of opening of Technical Bid :- Conference Hall, JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
9. For any information/complaints the department helpline no. M.no. +91-9631903105 may be contacted.
10. Further details can be seen on JIIDCO website: https://www.jiidco.co.in/tenders.
11. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jiidco.co.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website** www.jiidco.co.in
**(ii) Any other information can be seen on** www.jiidco.co.in

-Sd/-
**Managing Director**
**JIIDCO, Ranchi**

PR 361552 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26)D

## श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है

श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य जिससे पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध की उत्पत्ति पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता से हुई है जिसकी शुरूआत वैदिक काल से मानी जाती है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले महर्षि निमि ने अत्रि मुनि के उपदेश से श्राद्ध किया और यह परंपरा धीरे-धीरे प्रचलित हुई। पितृ दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और पूजन करना आवश्यक है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आशार्वाद प्राप्त होता है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोड़कर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हें यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा (सच्चा विश्वास और प्रेम) से किया जाने वाला कर्मकांड जो मृत पूर्वजों (पितरों) की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए किया जाता है। यह उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और स्मरण भाव को व्यक्त करने का एक तरीका है, और इसके माध्यम से उन्हें संतुष्ट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है।

### सूडोकु नवताल- 7549

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7548 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# अनिश्चित भविष्य एवं आभासी दुनिया से दुःखी युवापीढ़ी

ललित गर्ग

पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों, उनमें बढ़ रहे तनाव एवं दुःखों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम-जनजीवन में भी युवकों की स्थिति, उनके सपने, उनके जीवन लक्ष्य आदि पर चचाएं हो, अन्यथा युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन के स्थान पर हिंसा-आतंक-विध्वंस की स्थितियां विकराल होती जायेगी, जैसाकि नेपाल में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरूआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी, मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है, जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं, जैसे रोजगार की असुरक्षा, भविष्य की अनिश्चितता, कार्यस्थलों का दबाव,



प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं।

आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं। देर रात तक स्क्रीन से चिपके रहना उनकी नींद और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर रहा है। आभासी मित्रता और लाइक्स की दुनिया में उन्हें वास्तविक संबंधों की गर्मजोशी नहीं मिल पाती। संवाद की जगह इमोजी ले लेते हैं और भावनाओं का स्थान कृत्रिम पोस्ट। परिणामस्वरूप वे वास्तविक सामाजिक जीवन से कटते जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जब इंसान अपने मित्रों, परिवार और समाज के साथ आमने-सामने संवाद करता है, तो तनाव कम होता है। कृतज्ञता का भाव मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। परंतु डिजिटल आभामंडल में जीने वाला युवा जब अपनी तुलना लगातार दूसरों की सफलता और भौतिक समृद्धि से करता है, तो उसमें हीनभावना और निराशा जन्म लेती है। यही निराशा कई बार आक्रोश और हिंसा का रूप ले लेती है।

सवाल यह है कि मानसिक तनाव का सीधा रिश्ता हिंसा से कैसे जुड़ रहा है। दरअसल, जब कोई व्यक्ति भीतर से असुरक्षित, असंतुष्ट और हताश होता है तो उसकी ऊर्जा रचनात्मकता की बजाय विध्वंसक रास्ते पकड़ लेती है। जिन युवाओं को उचित दिशा, रोजगार और सामाजिक मान्यता नहीं मिल पाती, वे गुस्से में समाज के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। यही गुस्सा कई बार सामाजिक अशांति, अपराध और दंगों के रूप में सामने आता है। यह वैश्विक ट्रेंड केवल पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और विशेष रूप से नेपाल में हालिया परिदृश्य इसका उदाहरण है। नेपाल में पिछले महीनों हुए दंगे, हाल की युवाक्रांति और युवा आंदोलनों ने इस सच्चाई को सामने ला दिया कि निराशा से भरे युवाओं की ऊर्जा किस तरह हिंसा और अराजकता का रूप ले सकती है। नेपाल का इतिहास ही युवा आंदोलनों से भरा रहा है। राजतंत्र से लोकतंत्र और फिर लोकतांत्रिक अस्थिरता के बीच युवा हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं। हाल ही में नेपाल में हुए दंगों और विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में भी युवा ही थे। नेपाल के युवा लंबे समय से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। वहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 30 वर्ष से कम आयु का है, लेकिन रोजगार और अवसरों की कमी उन्हें या तो प्रवासी मजदूरी की ओर धकेल रही है या फिर हिंसक आंदोलनों की ओर। सोशल मीडिया इस असंतोष को और हवा दे रहा है। एक तरफ वहां पर नई राजनीतिक चेतना के स्वर सुनाई देते हैं, दूसरी तरफ यह चेतना जब रचनात्मक दिशा नहीं पाती तो दंगे, हिंसा और अराजकता का रूप ले लेती है।

नेपाल के हालिया आंदोलन यह भी बताते हैं कि युवा सिर्फ रोजगार और आर्थिक अवसर ही नहीं चाहते, वे सामाजिक न्याय, ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन और राजनीतिक स्थिरता की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों को अनसुना किया जाता है, तो वही आक्रोश सड़क पर हिंसा के रूप में फूट पड़ता है। यदि हम नेपाल की घटनाओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह सिर्फ एक देश की समस्या नहीं है। यह उस वैश्विक संकट की झलक है जिसमें पूरी दुनिया की युवा पीढ़ी फंसी हुई है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में भी 2016 के बाद से चालीस वर्ष से कम उम्र के युवाओं में अवसाद और चिंता बढ़ी है। एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में रोजगार की असुरक्षा ने युवाओं को और हताश किया है। तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रयोग ने श्रम आधारित रोजगार के अवसर सीमित कर दिए हैं। नेपाल उसी वैश्विक प्रवृत्ति का एक प्रतिरूप है जहां निराशा और तनाव ने हिंसा का रूप ले लिया है।

युवाओं के दुख, तनाव और हिंसा की प्रवृत्ति को केवल नीतियों या आर्थिक सुधारों से नहीं रोका जा सकता। इसके लिए बहुस्तरीय प्रयासों की जरूरत है। युवाओं को आभासी जीवन से बाहर लाने और वास्तविक संवाद व संबंधों की ओर प्रेरित करना होगा। सरकारों को युवाओं के लिए स्थायी और सुरक्षित रोजगार के अवसर सृजित करने होंगे। शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य पर भी केंद्रित करना जरूरी है। अवसाद और चिंता को कलंक की बजाय सामान्य समस्या मानकर परामर्श सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी। युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी में लगाना होगा ताकि उनकी निराशा हिंसा की ओर न मुड़े। युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न करने होंगे।

युवा पीढ़ी किसी भी समाज का भविष्य होती है। लेकिन जब यही पीढ़ी दुख, तनाव और हिंसा के दुष्चक्र में फंस जाती है तो समाज का भविष्य ही संकटग्रस्त हो जाता है। युवा सपनों को आकार देने का अर्थ है सम्पूर्ण मानव जाति के उन्नत भविष्य का निर्माण। यह सच है कि हर दिन के साथ जीवन का एक नया लिफाफा खुलता है, नए अस्तित्व के साथ, नए अर्थ की शुरूआत के साथ, नयी जीवन दिशाओं के साथ। हर नई आंख देखती है इस संसार को अपनी ताजगी भरी नजरों से। इनमें जो सपने उगते हैं इन्हीं में नये समाज की, नयी आदमी की नींव रखी जाती है। नेपाल के हालिया दंगे इस खतरे की चेतावनी हैं। यह सिर्फ नेपाल का प्रश्न नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का प्रश्न है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम युवाओं को केवल सपने ही न दिखाएँ, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जूझने का संबल दें। असीमित आकांक्षाओं और कठोर यथार्थ के बीच संतुलन स्थापित करना ही मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक शांति की कुंजी है। यदि हम यह संतुलन नहीं बना पाए, तो युवा आक्रोश न केवल दंगों और हिंसा का कारण बनेगा बल्कि पूरी सभ्यता की स्थिरता को चुनौती देगा एवं महाविनाश का कारण बनेगा।

# पड़ोसी देशों की अराजकता में भारतीय संविधान की ताकत का संदेश

अजय कुमार

हमें अपने संविधान पर गर्व हैङ्ख पड़ोसी देशों को देखिए, वहां क्या हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की यह टिप्पणी हाल ही में संविधान पीठ की सुनवाई में आई। यह वाक्य केवल एक कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं था, बल्कि दक्षिण एशियाई लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति पर गहन चिंतन और चेतावनी भी था। गवई ने नेपाल और बांग्लादेश का हवाला देकर बताया कि जब संवैधानिक संस्थाएं कमजोर होती हैं, जब जनता का भरोसा व्यवस्था से उठता है, तो लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है। भारत का संविधान आज इस मायने में सबसे बड़ी ढाल है कि उसने बार-बार हमें संकटों से निकालकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत रखा।

नेपाल का उदाहरण सबके सामने है। बीते दिनों वहां की सड़कों पर जिस तरह का आक्रोश देखने को मिला, उसने पूरे दक्षिण एशिया का ध्यान खींचा। सोशल मीडिया पर बैन लगाने के सरकार के फैसले ने आग में घी का काम किया। युवा वर्ग, जिसे जेन-जेड कहा जा रहा है, अब केवल अभिव्यक्ति की आजादी के लिए नहीं बल्कि भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता के खिलाफ आवाज उठा रहा है। संसद भवन तक भीड़ का पहुंचना, सुप्रीम कोर्ट परिसर में तोड़फोड़ और नेताओं के घरों पर हमले यह साबित करते हैं कि जनता का धैर्य टूट चुका है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को इस्तीफा देना पड़ा, लेकिन हिंसा थमी नहीं। सेना को कर्फ्यू लगाना पड़ा, फिर भी आंदोलन जारी है।

नेपाल में यह अस्थिरता नई नहीं है। 2008 में जब राजशाही खत्म हुई, तो लगा था कि अब लोकतंत्र स्थिरता और विकास का रास्ता खोलेगा। लेकिन हकीकत उलट निकली। पिछले 17 वर्षों में वहां 14 सरकारें बदल चुकी हैं, कोई भी प्रधानमंत्री कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। बार-बार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अधिकारों पर विवाद हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारें गिराईं और बहाल कीं। संविधान, जो 2015 में लागू हुआ था, वह भी स्थिरता नहीं ला सका। परिणाम यह है कि जनता अब व्यवस्था से मोहभंग कर चुकी है और राजशाही की वापसी की मांग तक उठने लगी है।

बांग्लादेश का परिदृश्य भी कुछ ऐसा ही है। हाल ही में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी और वे कुछ समय के लिए भारत में शरण लेने आईं। यह उस देश की त्रासदी है जिसने 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्रता पाई थी और लोकतांत्रिक भविष्य की उम्मीद जगाई थी। लेकिन वहां लगातार सत्ता संघर्ष, विपक्षी दलों के बीच अविश्वास और चुनावी प्रक्रिया पर सवालों ने संस्थाओं को खोखला बना दिया। जनता का भरोसा टूटने का नतीजा यही होता है कि लोकतंत्र केवल औपचारिकता रह जाता है और सड़क पर हिंसा ही असली राजनीति बन जाती है।

इन हालातों की तुलना में भारत का लोकतंत्र और संविधान सबसे मजबूत उदाहरण बनकर सामने आता है। भारत ने भी संकटों का सामना किया है। 1975 का आपातकाल हमारे लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था। उस दौर में मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, मीडिया पर सेंसरशिप लगी और विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। लेकिन वही संविधान, वही लोकतांत्रिक चेतना और वही जनता थी जिसने 1977 में इंदिरा गांधी को सत्ता से बाहर कर दिया। और जब जनता ने देखा कि नई सरकार उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही, तो 1980 में उन्होंने इंदिरा को फिर से बहुमत से सत्ता में वापस ला दिया। यही संविधान की खूबसूरती है कि वह न केवल नेताओं को उनकी सीमा दिखाता है, बल्कि जनता को भी सही रास्ता चुनने की ताकत देता है।

भारत की न्यायपालिका इस संविधान की सबसे बड़ी प्रहरी रही है। 1990 में मंडल कमीशन का मामला जब देशभर में हिंसा का कारण बना, तब सुप्रीम कोर्ट ने नौ जजों की पीठ बनाकर यह स्पष्ट किया कि आरक्षण पचास प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगा और ह्यक्रीमी लेयरह्ल को बाहर रखा जाएगा। इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर का संतुलन बना रहा। 1992 में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बाद देश दंगों की आग में झुलस रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धार्मिक आस्था भी संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। 2019 में आया फैसला संवैधानिक मयार्दा में रहा और देश ने बिना बड़े दंगे के उसे स्वीकार किया।इसी तरह 2जी स्पेक्ट्रम और कोयला घोटाले के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के फैसले रद्द कर दिए। यह संदेश गया कि राष्ट्रीय संपत्ति का गलत इस्तेमाल करने वाला कोई भी नेता कानून से ऊपर नहीं है। यही वह तंत्र है, जिसकी वजह से भारत में जनता का संविधान और न्यायपालिका पर भरोसा बना रहा, जबकि पड़ोसी देशों में यह भरोसा टूट गया।

भारत का संघीय ढांचा भी इसकी सबसे बड़ी ताकत है। केंद्र और राज्यों के बीच सत्ता का संतुलन किसी एक को तानाशाह बनने से रोकता है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता ने भी लोकतंत्र को सुरक्षित रखा। यही कारण है कि हर पांच साल में सत्ता बदलने का अधिकार जनता के हाथ में रहता है और कोई भी नेता खुद को अजेय मानने की गलती नहीं कर पाता।चीफ जस्टिस की टिप्पणी दरअसल हमें यही याद दिलाती है कि लोकतंत्र केवल सत्ता का खेल नहीं है, बल्कि यह जनता की ताकत का प्रतीक है। भारत ने हर संकट से संवैधानिक रास्ते से ही बाहर निकलने का सबक सीखा है। इमरजेंसी हो, मंडल हो, बाबरी मस्जिद का विवाद हो या घोटालों का दौर हर बार संविधान ने रास्ता दिखाया।

नेपाल और बांग्लादेश के हालात भारत के लिए भी चेतावनी हैं। अगर कभी संस्थाओं की स्वतंत्रता कमजोर हुई या नेताओं ने जनता का भरोसा तोड़ा, तो हालात बिगड़ सकते हैं। लेकिन अब तक भारत ने संविधान को ही सबसे बड़ा हथियार बनाया है। यही वजह है कि जब पड़ोसी देश अराजकता और अस्थिरता में झुलस रहे हैं, भारत का लोकतंत्र और संविधान मजबूती का प्रतीक बनकर सामने आता है।नेपाल का ह्यजेन-जेडह्ल आंदोलन बता रहा है कि नई पीढ़ी अब पुरानी राजनीति और पुराने तौर-तरीकों को स्वीकार नहीं करेगी। लेकिन हिंसा और आगजनी समाधान नहीं है। भारत का अनुभव यह कहता है कि परिवर्तन का रास्ता केवल संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही निकलता है। जनता को अधिकार भी यही देता है और जिम्मेदारी का बोध भी यही कराता है।

मुख्य न्यायाधीश गवई की टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ गर्व करने की बात नहीं है, बल्कि यह भविष्य के लिए चेतावनी भी है। अगर हमने अपने संविधान और संस्थाओं की रक्षा नहीं की, तो हम भी उसी स्थिति में पहुंच सकते हैं, जहाँ आज नेपाल और बांग्लादेश खड़े हैं।भारत की उपलब्धि यही है कि संविधान को व्यवहार में उतारा गया है। यह किताब में बंद दस्तावेज नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा है जिसने 75 वर्षों से देश को दिशा दी है। इसी संविधान ने हमें लोकतंत्र के अंधेरों से बार-बार रोशनी की ओर पहुँचाया है। यही वजह है कि भारत आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व से खड़ा है, जबकि पड़ोसी देशों की स्थिति हमें यह याद दिलाती है कि अगर संविधान कमजोर हो, तो लोकतंत्र केवल एक छलावा बन जाता है।

# अफगानिस्तान में 21वीं सदी की त्रासदी : जीवनदायिनी पर जीवन का संकट

डॉ. निवेदिता शर्मा

अफगानिस्तान के संदर्भ में ये 21वीं सदी की आधी आबादी के साथ भयंकर त्रासदी है; जो दुनिया में पुरुष को लेकर आने का कारण है, वह जीवनदायिनी मां आज संकट में है। क्योंकि शरिया स्त्री पुरुष को सकिन टू सकिन संपर्क के लिए मना करता है। फिर यह प्रश्न स्वभाविक है कि मानवीयता से ऊपर क्या कोई रिलीजन हो सकता है। फिर स्त्री तो उन पुरुषों की भी मां है, जिन्होंने यहां आधी आबादी को दबाने के लिए अपने ही नियम बनाए हैं। ऐसे में उन अनेक अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर भी प्रश्न उठते हैं, कि उनके होने का आखिर अर्थ क्या है, जब वे मानवीय पीड़ा के वक्त भी अनुचित करने वाले देश एवं वहां के शासन-प्रशासन को समझा तक नहीं पा रहे? अफगानिस्तान में 31 अगस्त 2025 को आए 6.0 तीव्रता वाले भूकंप ने केवल घर और गाँव नहीं गिराए, उसने मानवीय संवेदनाओं और नैतिकताओं की नींव को भी हिला दिया है। इस आपदा ने जो सबसे भयावह तस्वीर दुनिया के सामने रखी, वह यह थी कि मलबे के नीचे दबे पुरुष और बच्चे तो किसी तरह बाहर निकाल लिए गए, लेकिन महिलाओं को उनके ही खून से लथपथ शरीर के साथ तड़पने के लिए छोड़ दिया गया। कारण केवल इतना कि तालिबान ने अपने नियमों में यह तय किया है कि कोई असंबंधित पुरुष किसी महिला को हाथ तक नहीं लगा सकता। ऐसे में यहां इसका भयंकर त्रासदीपूर्ण परिणाम यह हुआ कि राहत कार्य के शुरूआती छत्तीस घंटों में किसी भी पुरुष बचावकर्मी ने महिलाओं को छूने तक की हिम्मत नहीं की।

देखने में आया कि कई महिलाएँ मदद के लिए पुकारती रहीं, लेकिन उनके पास कोई नहीं पहुँचा। जब उनकी लाशें निकाली गईं तो सीधे हाथ लगाने से बचने के लिए उन्हें उनके कपड़ों से बहुत बुरी तरह से खींचकर बाहर निकाला गया। यह दृश्य इस्लामिक तालिबान के शासन में महिलाओं के जीवन से जुड़ी उस चीत्कार का उदाहरण है जिसमें मानवीय संवेदनाएं तार-तार हो गईं, यह बताता है कि पुरुषों को जन्म देनेवाली मां यहां सिर्फ एक स्त्री होने के कारण किस हद तक तुच्छ और गौण है।

इतिहास में जाएं तो यही समझ आता है कि अफगान महिलाओं की स्थिति हमेशा उतार-चढ़ाव के बीच ही बीती है। सत्तर के दशक में शहरी इलाकों में महिलाएँ शिक्षा और रोजगार में धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं। सोवियत हस्तक्षेप के दौरान और उसके बाद भी, कम से कम बड़े शहरों में महिलाओं की मौजूदगी दिखती थी लेकिन 1996 में जब तालिबान पहली बार सत्ता में आया तो उसने महिलाओं को पूरी तरह घर की चारदीवारी में कैद कर दिया। स्कूल और कॉलेज बंद, रोजगार पर रोक, यहाँ तक कि अस्पताल में भी बिना पुरुष अभिभावक के जाना नामुमकिन बना दिया। 2001 में अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद स्थिति कुछ बदली। लड़कियाँ फिर से स्कूल जाने लगीं, संसद और विश्वविद्यालय में उनकी मौजूदगी बढ़ी, मीडिया और स्वास्थ्य क्षेत्र में उन्होंने भूमिका निभाई लेकिन 2021 में जैसे ही तालिबान लौटा, सब कुछ एक झटके में छिन गया।

एक पीड़िता आयशा ने बताया कि उन्हें एक तरफ इकट्ठा कर दिया गया और भुला दिया गया। इस उपेक्षा ने महिलाओं के भीतर मानसिक आघात को और बढ़ा दिया। बचावकर्मियों ने यह स्वीकार किया कि वे महिलाओं की मदद करने से डर रहे थे, क्योंकि नियमों का उल्लंघन करने का भय था। यह केवल भय का मामला नहीं, बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था का परिणाम है जिसने महिलाओं को ह्लमानवह्ल के स्तर से नीचे गिरा दिया है। ये भी कहें कि उसे मानव भी नहीं समझा जा रहा है, तो कुछ गलत नहीं होगा!

दूसरी ओर इस पूरी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। संयुक्त राष्ट्र महिला और अन्य एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि महिलाओं को आपदा राहत और पुनर्वास से बाहर रखना मानवीय संकट को और गहरा करेगा, किंतु व्यावहारिक स्तर पर इस संस्था का यहां कोई दबाव देखने को नहीं मिला। इस्लामी देशों का संगठन और बड़े मुस्लिम राष्ट्र भी चुप्पी साधे बैठे हैं। वे स्पष्ट तालिबान की नीतियों की आलोचना तक करने की हिम्मत नहीं दिखा रहे। हां, प्रवासी अफगान महिलाएँ अवश्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय हैं, किंतु उनके पास संसाधनों और राजनीतिक समर्थन की कमी है।

यहाँ यह भी ध्यान में आता है कि महिलाओं को आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों से बाहर रखने का मतलब केवल आज की मौतें नहीं हैं। तालिबान भविष्य को भी अंधकारमय बना रहा है। जब महिला डॉक्टर और नर्स नहीं होंगी तो अगली महामारी में कौन इलाज करेगा? जब लड़कियाँ शिक्षा से वंचित रहेंगी, तो भविष्य में महिला नेतृत्व कहाँ से आएगा? जब महिलाओं को बार-बार अदृश्य कर दिया जाएगा, तो समाज की आधी आबादी का योगदान कैसे मिलेगा? समाजशास्त्रियों की भाषा में कहें तो यह सांस्कृतिक हिंसा है, जहाँ समाज की संरचना और संस्कृति ही हिंसा को वैध बना देती है। अफगानिस्तान में महिलाओं के साथ आज यही हो रहा है। उन्हें अदृश्य बना देना, उनकी जान को कमतर मान लेना और उनकी आवाज को दबा देना एक तरह की सांस्कृतिक हिंसा है, जो किसी गोली या बम से कम घातक नहीं है। दुखद है कि यहां ये सब इस्लाम और शरिया के नाम पर हो रहा है। आज 21वीं सदी में अफगानिस्तान महिलाओं को देखकर यही समझ आता है कि ये तालिबान की नीतियों की शिकार नहीं हैं, बल्कि वैश्विक उदासीनता की भी पीड़िता हैं। मलबे के नीचे दबे उनके शव दुनिया को यह बताने के लिए काफी हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब वह अपनी मातृ शक?ति का सम्मान और संरक्षण करता है। अफगानिस्तान इस कसौटी पर बार-बार असफल हो रहा है।

## दैनिक पंचांग

**11 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | सिंह में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | कन्या में |
| बुध | सिंह में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | कर्क में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कन्या | 06.14 बजे से |
| तुला | 08.24 बजे से |
| वृश्चिक | 10.39 ब.से |
| धनु | 12.55 बजे से |
| मकर | 15.00 बजे से |
| कुंभ | 16.47 बजे से |
| मीन | 18.20 बजे से |
| मेष | 19.50 बजे से |
| वृष | 21.30 बजे से |
| मिथुन | 23.28 बजे से |
| कर्क | 01.42 बजे से |
| सिंह | 03.58 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 254 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 12.46 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 13.58 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 17.05 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 12.46 बजे तदनन्तर कौलव 23.22 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 32'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872464
**जूलियन दिन** 2460929.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 18
**विशेष** महा भरणी, पंचमी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 | बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 | बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.40 | से | 07.11 | बजे तक |
| चर | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| रोग | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| शुभ | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| अमृत | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### डीसी ने दरदाही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र का किया औचक निरिक्षण

**मरकच्चो :** कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दरदाही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में स्टॉक रजिस्टर, चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी, रोस्टर रजिस्टर, ओपीडी पंजी, डिलीवरी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण में यह पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में रजिस्टरों का संधारण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकार के रजिस्टरों का संधारण सुव्यवस्थित और अद्यतन रूप से किया जाए।उपायुक्त ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने टी.बी. जांच की गति तेज करने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित सेवा प्रदान करने हेतु एंबुलेंस की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों का रोस्टर का सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीएचओ (समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी) समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यवस्था में सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

### अंतर जिला फुटबॉल फाइनल में धनबाद ने दिखाया दमदार प्रदर्शन

**डोमचांच :** नगर पंचायत अध्यक्ष उम्मीदवार सुरेश कुमार द्वारा आयोजित राजेश मेमोरियल जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को हजारीबाग और धनबाद के बीच खेला गया। इस मुकाबला में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद थी। इस मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि दोनों टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। इस मैच का परिणाम पेनाल्टी सूट आउट के जरिये परिणाम हुआ। जिसमें धनबाद की टीम ने 3–1 से जीत हासिल किया। जिसमें रघु कुमार, राहुल यादव, डॉ विनोद कुमार, सौरव आनंद, अरशद खान, सुदेश मोदी, दीपक यादव, धीरज कुमार, विनोद यादव, अंकू कुमार, रंजीत कुमार, मो मुबारक, संतोष यादव, दीपक रजक, मो करुउद्दीन आदि मौजूद थे।

### कोडरमा उपायुक्त ने एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण



**मरकच्चो :** जिला उपायुक्त ने मरकच्चो एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में रखे अनाज की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था तथा सफाई-सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम में अनाज की सुरक्षा, उचित रखरखाव और समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने की स्टॉक पंजी एवं वितरण पंजी का भी जानकारी लिए और गेहूं एवं चावल के भी अलग अलग रखने का निर्देश दिया ताकि लोगों तक समय पर और सही मात्रा में अनाज पहुंचे।

---

### हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला, सौंपा ज्ञापन

# झारखंड कोचिंग सेंटर विधेयक कोचिंग संचालकों के लिए काला कानून : जेपी जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा द्वारा हाल ही में पारित झारखंड कोचिंग सेंटर (नियमन एवं विधिमान) विधेयक को लेकर हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन ने अध्यक्ष जेपी जैन के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को ज्ञापन सौंपा और इसमें कई गंभीर विषयों को उजागर किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष जे.पी. जैन ने बताया कि इस विधेयक में शामिल प्रावधान छोटे और मध्यम स्तर के कोचिंग संस्थानों के संचालन को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह विधेयक लागू हुआ तो हजारीबाग और आसपास के क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत कोचिंग संस्थान बंद होने की कगार पर पहुँच सकते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि विधेयक में बैंक गारंटी के तौर पर पांच लाख रुपए जमा करना, किसी भी प्रकार के नियम का उल्लंघन करने पर पहली बार पांच लाख रुपए का जुमार्ना दूसरी बार दस लाख रुपए तथा तीसरी बार पंद्रह लाख रुपए का जुमार्ना,भवन और स्थान की शर्तें, और अन्य नियम कोचिंग संस्थानों के लिए बेहद कठिन हैं। बैंक गारंटी के तहत 50 से अधिक छात्रों वाले संस्थानों के लिए पांच लाख रुपये की गारंटी अनिवार्य की गई है, जो छोटे संस्थानों के लिए मुश्किल साबित होगी। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में कोचिंग सेंटर संचालित करने की शर्त से ग्रामीण और छोटे कस्बों के छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। विधेयक में 600 वर्ग मीटर के भवन को अनिवार्य करना भी छोटे संस्थानों के लिए व्यावहारिक नहीं है। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि फीस वापसी और शिकायत निवारण जैसे प्रावधान सरल और व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमावली में इतने कठोर प्रावधान हैं कि छोटे संस्थान उनका पालन करने में असमर्थ हो सकते हैं। अध्यक्ष जे.पी. जैन ने कहा कि इस प्रकार के कठोर नियम शिक्षा क्षेत्र को नुकसान पहुँचाएंगे और विद्यार्थियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे। यदि कोचिंग संचालकों पर इतना ज्यादा आर्थिक बोझ डाला जाएगा तो वह फीस में वृद्धि करेंगे जिससे गरीब और प्रतिभावान विद्यार्थी पैसे के अभाव में अपना भविष्य बेहतर नहीं बना पाएंगे। हजारीबाग और संपूर्ण झारखंड में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता कोचिंग संस्थानों पर निर्भर है ऐसे में कोचिंग संस्थानों के लिए इतने कठोर कानून बनाए जाएंगे तो विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। अभी हाल में जेपीएससी द्वारा घोषित परिणामों में हजारीबाग जिले से 50 से भी ज्यादा विद्यार्थियों ने डिप्टी कलेक्टर डीएसपी बीडीओ सीओ वित्त सेवा श्रम सेवा में चयनित हुए हैं जिसमें कोचिंग संस्थानों की भूमिका अत्यंत प्रशंसनिय रही है प्रारंभिक परीक्षा से लेकर मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के लिए हजारीबाग के कोचिंग संस्थानों ने इन विद्यार्थियों की सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ी। गरीब कृषक मजदूर टोटो चालक रिक्शा चालक के पुत्रों को डीएसपी डिप्टी कलेक्टर बनने में कोचिंग संस्थानों की भूमिका अग्रणी रही है।

## थाना में राइफल रायफल साफ करते वक्त हवलदार की गोली लगने से मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा थाना परिसर में मंगलवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। जैप-09 साहेबगंज में पदस्थापित हवलदार बारगी उरांव (52) की इन्सास राइफल की सफाई के दौरान गलती से ट्रिगर दब जाने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गई और साथी जवान उन्हें बचाने की कोशिश में जुटे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार हादसा मंगलवार देर शाम जब हवलदार बारगी उरांव अपने बैरक में हथियार की सफाई कर रहे थे। अचानक चली गोली उनके सिर में लग गई और उन्होंने वहीं दम तोड़ दिया। बुधवार को हवलदार का शव चाईबासा सदर अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी, जगन्नाथपुर ने जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त चाईबासा को दी। उपायुक्त ने तत्काल आदेश जारी कर शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराने का निर्देश दिया। इसके लिए खूंटपानी के अंचल अधिकारी फुलेश्वर साव को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है, जिसमें सदर अस्पताल चाईबासा के चिकित्सक डॉ. चन्दन कुमार रवि, डॉ. शिरिल संदीप सवैया और डॉ. दीपक कुमार सिन्हा शामिल हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतक हवलदार के शव को पुलिस लाइन लाया गया। यहां पुलिस के वरीय अधिकारियों ने अंतिम सलामी दी।

## बिरहोर परिवार की जमीन पर ग्रामीणों ने किया कब्जा, सीओ करेंगे कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** आदिम जनजाति बिरहोर परिवार को संरक्षित करने के लिए झारखंड सरकार लगातार उन्हें सुविधा मुहैया करा रही है। दूसरी और कुछ असामाजिक तत्व बिरहोर परिवार को आवंटित जमीन पर अपना कब्जा जमा रहे हैं। रामगढ़ अंचल क्षेत्र के छतरमांडू से ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बुधवार को छतरमांडू से बिरहोर समाज का चार परिवार एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी से मिलने पहुंचा। उन्होंने तत्काल इस मामले में जांच करने का निर्देश अंचल अधिकारी रमेश रविदास को दिया।

**तत्काल होगी असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई : सीओ**

अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने बिरहोर परिवार की समस्या सुनी और उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। अंचल अधिकारी से मिलने पहुंचे शोभा बिरहोर, पूर्णिमा बिरहोर, बंधन बिरहोर, गुड़िया देवी, धनी बिरहोर, डुगरु बिरहोर , मनीषा कुमारी ने अपनी समस्या सुनाई। उन्होंने बताया कि जून महीने में जिला प्रशासन के द्वारा इन सभी परिवारों को चार-चार डिसमिल जमीन छतरमांडू में आवंटित की गई थी। जो जमीन उन्हें पट्टा बनाकर दिया गया था, वह सरकारी जमीन थी। जिस पर बिरहोर परिवार को रहने और बसने का पूरा अधिकार है। लेकिन गांव के ही कुछ लोगों की ओर से जिला प्रशासन से आवंटित जमीन पर कब्ज होने नहीं दिया जा रहा है। उस जमीन पर जो लोग विवाद करते हैं उनमें कमलेश मुंडा, लकलकवा मुंडा, जागेश्वर प्रजापति, जुगेश मुंडा सहित अन्य शामिल हैं।

## सीएसपी लूटने की योजना बनाते चार लुटेरे गिरफ्तार, हथियार बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** पलामू की छतरपुर पुलिस ने सीएसपी बैंक लूटने की योजना बनाते चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पकड़े जाने से दो ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) बैंक लूटकांड का खुलासा हुआ है। उनके पास से देशी कट्टा, रिवालवर, दो गोली, लूटा हुआ लैपटॉप, मोबाइल, एक स्कूटी और चार वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है। चार लुटेरों में से एक के खिलाफ शहर थाना मेदिनीनगर, छतरपुर और रांची के खलारी थाना में आपराधिक मामला दर्ज है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ अपराधकर्मी छतरपुर हाईस्कूल के पीछे जमा हुए हैं और लूट-डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर छतरपुर के एसडीपीओ अवध यादव के नेतृत्व में टीम बनाकर छापामारी की गयी और मौके से चार लुटेरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लुटेरे वर्ष 2024 में छतरपुर के सरइडीह मोड़ स्थित सीएसपी बैंक में लूटपाट की थी। वहां से लूटे गए लैपटॉप बरामद हुआ है। इसी वर्ष अगस्त माह में छतरपुर के सड़मा सीएसपी बैंक से लूटे गए मोबाइल फोन भी उनके पास से बरामद हुए हैं। लूट में इस्तेमाल स्कूटी और देशी कट्टा भी मिला है। बाद में उनकी निशानदेही पर एक रिवालवर, दो जिन्दा गोली एवं अन्य सामान बरामद किए गए।

## माकपा राज्य सचिवमंडल सदस्य एस.के. घोष का निधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य और पार्टी के धनबाद जिला सचिव तथा सीटू के राज्य उपाध्यक्ष 70 वर्षीय कॉमरेड संतोष कुमार घोष के आकस्मिक निधन पर पार्टी और सीटू के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि घोष दा के नाम से प्रचलित भारतीय सेना से अवकाश प्राप्त करने के बाद वे दामोदर वैली निगम (डीवीसी ) मैथन में सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया। जहां वे ट्रेड यूनियन आंदोलन में शामिल हुए। वे डीवीसी श्रमिक युनियन के नेता भी रहे। बाद में वे सीपीआई (एम) के सदस्य बने। मैथन में वे एक कम्युनिस्ट नेता के रूप में जाने जाते थे। उनकी अद्भुत संगठन क्षमता और पार्टी के काम के प्रति अनुशासन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक उदाहरण था। उन्होंने धनबाद जिले में पार्टी के विस्तार के लिए काफी काम किया। वर्तमान में वे पिछले 4 वर्षों से पार्टी के धनबाद जिला सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। वे पिछले 7 वर्षों से पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य थे तथा इसी वर्ष उन्हें पार्टी के राज्य सचिवमंडल के लिए निर्वाचित किया गया था। वे एक उत्साही, मिलनसार और जिंदादिल व्यक्ति थे। उनके निधन से पूरी पार्टी और मजदूर आंदोलन को भारी क्षति हुई है। उनके निधन की खबर से पूरी पार्टी के कतारों में शोक की लहर है। पार्टी और सीटू के कार्यालयों में लाल झंडा झुका दिया गया है।

# डीसी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स समय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 247 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

---

## संक्षिप्त खबरें

### पेयजल व्यवस्था व स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित हुई समीक्षा बैठक



**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर पेयजल व्यवस्था तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन उप विकास आयुक्त, रामगढ़ आशीष अग्रवाल के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था आईडीएफ के निर्भय कुमार मोदी के द्वारा बताया गया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जाना है जिसमें गंदे पड़े स्थान को चिन्हित करते हुए जन सहयोग से सफाई किया जाना है तथा पूर्व एवं पश्चात का फोटोग्राफ भी पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़, सुरेंद्र कुमार दिनकर के द्वारा जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित जिला की प्रगति के बारे में बताया गया। इस संबंध में उप विकास आयुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि निमार्णाधीन जलापूर्ति योजना को ससमय पूरा करने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा समीक्षा के क्रम में जलापूर्ति योजना में विद्युत व्यवस्था से संबंधित हो रहे समास्याओं से उप विकास संयुक्त को अवगत कराया गया इस संबंध में उप विकास आयुक्त के द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि जलापूर्ति योजना से जुड़े हुए विद्युत व्यवस्था में आ रही समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करना सुनिश्चित करेंगे।

### राधा गोविंद विवि के गणित विभाग में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**रामगढ़ :** मंगलवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गणित विभाग तथा विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक तथा छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकतम बच्चों ने पौधे लगाए और वृक्षारोपण कार्यक्रम के पूर्व भाषण कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि पेड़–पौधे लगाना प्रकृति की सेवा है वृक्षारोपण से हमलोग प्रकृति को संरक्षित करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करते हैं। सचिव प्रियंका कुमारी ने वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ₹ ,वृक्ष हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि पेड़–पौधे लगाना प्रकृति का संरक्षण के लिए आवश्यक है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ने कहा कि वृक्ष हमारे मित्र है, वृक्ष हमें कई तरह से लाभ पहुँचाते हैं तथा फल प्रदान करते हैं। पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। पेड़ – पौधे जीवन के लिए आवश्यक हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ –पौधे लगाना आवश्यक है। मौके पर कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, गणित विभाग के व्याख्याता डॉ चंदन कुमार, जतरू महतो ने भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति दी एम. एससी. 2024– 26 की छात्रा काजल ने बच्चों से संकल्प करवाया कि वे प्रत्येक वर्ष कम एक पौधा लगाएँ । एक अन्य छात्र कृष्णा कुमार महतो ने भी अपने अनुभव साझा किये।

### शिक्षा विभाग में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस समारोह



**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में धूमधाम से शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सह माता सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने स्वागत गान से सभी गणमान्य अतिथियों तथा शिक्षकों का स्वागत व अभिनंदन किया । मौके पर कुलाधिपति ने उपस्थित सभी शिक्षकों व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षक दिवस का महत्व केवल एक दिन तक सीमित नहीं है यह दिन हमें अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं जो हमें ज्ञान नैतिकता और सामाजिक मूल्यों से परिपूर्ण बनाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपने शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का सम्मान करना चाहिए । उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

कुलपति प्रो (डॉ)रश्मि ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपने शिक्षकों के द्वारा सिखाए गए ज्ञान का उपयोग कर एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बनें। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने ने संबोधन में कहा कि आज के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करें और उनके द्वारा सिखाए गए मूल्य को अपने जीवन में उतारें। विभागाध्यक्ष डॉ अंजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं और छात्र कर्णधार होते हैं । शिक्षक हमें सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं देते बल्कि जीवन के सबक भी सिखाते हैं। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र– छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं शिक्षकों के द्वारा कई आकर्षक खेल खेले गए। विजेता शिक्षकों को छात्रों के द्वारा आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन प्रीति, अंजलि, सियोन और रश्मि ने किया।

**एक नजर**

## डीडीसी ने आवास योजना को लेकर की समीक्षा बैठक



**बरहेट :** प्रखंड के बीडीओ कक्ष में बुधवार को साहिबगंज डीडीसी सतीश कुमार चंद्रा ने आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला कोडीनेटर सुमित चोबे, प्रखंड आवास समन्वयक मार्शल किस्कू, पंचायत सचिव सामिल हुए। इस दौरान पीएम जनमन आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री अबूआ आवास योजना कि पंचायत वार समीक्षा बैठक कर जानकारी ली। डीडीसी ने आवास योजना निर्माण को लेकर सभी पंचायत सचिव को कार्य तेजी लाने की बात कही। इसके पूर्व डीडीसी डोराया संथाली पंचायत के जनमन आवास योजना को लेकर निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ अंशु कुमार पांडे, पंचायत सचिव अजीत कापरी, बबिता, के अलावा अन्य मौजूद थे।

## सब्जी मंडी में कूड़ा अंबार, नगर परिषद मौन



**साहिबगंज :** शहर में इन दिनों विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा की तैयारी पूजा समिति की ओर से जोर शोर से चल रही है। विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर से ओर दुर्गा पूजा 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। वही विश्वकर्मा पूजा पंडाल समीप कई जगह कूड़ा कचरा जमा है, जिसका साफ सफाई नगर परिषद अब तक नहीं किया है। जबकि पूजा समिति सदस्यों ने नगर थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में पूजा से पूर्व साफ सफाई कराने की बात की थी। नगर परिषद के सौ मीटर दूर सब्जी मंडी स्थित रेलवे टीआरडी डिपार्टमेंट समीप कचरा का अंबार लगा हुआ है, कई बार स्थानीय लोगों व कार्यालय कर्मियों ने नगर परिषद से कचरा उठाकर साफ करने को कहा, लेकिन अब तक कचरा का उठाव साफ सफाई नहीं हुई। टीआरडी डिपार्टमेंट मे विश्वकर्मा पूजा की तैयारी शुरू हैं।

## परसुडीह में ब्राउन शुगर गिरोह का भंडाफोड़ पांच गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** परसुडीह थाना क्षेत्र के संत रोबर्ट स्कूल के पीछे मैदान से पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी कर रहे एक गिरोह का पदार्फाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 119 पुड़िया ब्राउन शुगर, सफेद रंग की हुंडई कार, विभिन्न बैंकों के चेकबुक–पासबुक और क्रेडिट कार्ड, चार मोबाइल फोन तथा नौ अलग–अलग कंपनियों से जुड़े क्यूआर कोड बरामद किए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपित डिजिटल पेमेंट के जरिए ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री कर रहे थे और लाखों रुपये का लेन–देन इसी माध्यम से किया गया है। गिरफ्तार युवकों में अरविंद शर्मा उर्फ कैडी उर्फ छोटू (23) और सन्नी स्वांसी (19) सोपोडेरा निवासी, मोहम्मद समीर (26) और मोहम्मद सब्बीर हुसैन (29) मकदमपुर निवासी तथा मोहम्मद तौफिक आलम (19) सलगाझारी निवासी शामिल हैं। बुधवार को संवाददाताओं को सिटी एसपी कुमार शिव आशीष ने बताया कि आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी ताकि यह पता चल सके कि वे ब्राउन शुगर कहां से मंगाते थे और कहां इसकी सप्लाई करते थे। प्रारंभिक जांच से इस अवैध धंधे में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की कार्रवाई लगातार जारी है।

# दुगार्पूजा को लेकर उपायुक्त ने की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के समाहरणालय सभागार में बुधवार को दुगार्पूजा और विजयादशमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय, उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भगीरथ प्रसाद सहित विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी पूजा पंडालों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित तिथि और जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन हो तथा घाटों पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था




सुनिश्चित की जाए। नगर निकाय और जुस्को को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और कचरा निस्तारण की ठोस व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक पंडाल में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और सहायता केंद्र उपलब्ध कराने की बात कही गई। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग प्रवेश और निकास द्वार, अस्थायी शौचालय, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर एम्बुलेंस की तैनाती के लिए सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, दंगा-निरोधक वाहन, वाटर कैनन और अन्य सुरक्षा उपकरण तैनात किए जाएंगे। भीड़ नियंत्रण के लिए फ्लैग मार्च, पेट्रोलिंग और मॉकड्रिल आयोजित होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अश्लील गीतों के प्रयोग पर पूर्णतः रोक रहेगी, केवल धार्मिक और भक्ति गीत ही बजाए जाएंगे। अवैध शराब और नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में संबंधित लोग मौजूद रहे।

## मानव तस्करी गिरोह के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस ने मानव तस्करी गिरोह की एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो बच्चियों को भी मुक्त कराया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर थाना अन्तर्गत सकरोगढ़ बड़ी गणेश मंदिर के पास भाड़े के मकान में रहने वाले लोगो द्वारा लड़के एवं लड़कियों को मजदूरी के लिए बाहर भेजने की गुप्त सूचना एसपी को मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने एक छापामारी दल का गठन किया। गठित छापामारी दल ने अविलम्ब सकरोगढ बड़ी गणेश मंदिर के पास रामकिशुन पासवान के भाड़े के मकान में छापामारी कर एक महिला मेरी सोरेन को दबोच लिया। उसके पास से पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो बच्चियों को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने महिला के पास से 41070 रुपए नगद, महिला के नाम का चार फर्जी आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों का चार पासबुक, तीन एंड्रॉयड मोबाइल, लोगों को बाहर भेजने एवं उनके खर्च संबंधित विवरणी लिखने की दो नोटबुक बरामद किया गया है। इस घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी संजय सोरेन को भी भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में नगर थाना कांड सं 142/25, धारा-143 (3)/338/336(3)/340(2) /319(2)/318(4)/3(5) बीएनएस अन्तर्गत दर्ज किया है। मौके पर छापामारी दल में नगर थाना प्रभारी पुनि अमित कुमार गुप्ता, पुअनि मुरली मनोहर सिंह, सअनि अशोक कुमार, सअनि बिजेन्द्र कुमार सिह, सअनि संजू कुमारी, आरक्षी रविशंकर सिंह शामिल थे।

## डीसी ने किया राजमहल प्रखंड में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने आज राजमहल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने भुमि संरक्षण कार्यालय के द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने सबसे पहले दरला पंचायत के मानिकपुर ग्राम में भुमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित कच्चु तालाब जिर्णोद्धार एवं परकोलेन टेक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य ग्रामीणों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और भू-जल स्तर को बनाए रखने में सहायक होंगे। इसके बाद डीसी ने राजमहल सूर्य देव घाट तथा इनडोर स्टेडियम



परिसर के समीप निर्मित महिला शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इस सुविधा को महिला स्वच्छता और सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम को आगे बढ़ाते हुए डीसी ने राजमहल प्रखंड कार्यालय परिसर में निमार्णाधीन इनडोर स्टेडियम के कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने स्थल पर मौजूद अभियंताओं से कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली और कहा कि इस प्रकार की खेल अवसंरचना से स्थानीय युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त होगा। डीसी ने अवर निबंधन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा आम जनता को दी जा रही सेवाओं का आकलन किया और अधिकारियों को आमजनों की सुविधा को सर्वोपरि रखने का निर्देश दिया।

## बालू घाटों की नीलामी पर रोक विधायक ने सरकार पर निशाना साधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की पेसा नियमावली लागू करने में देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम स्तर पर बालू घाटों की नीलामी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पंचायती राज सचिव को 23 सितंबर को अगली सुनवाई में प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया कि सरकार जानबूझकर पेसा नियमावली लागू करने में विलंब कर रही है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के तहत लघु खनिजों की नीलामी के लिए ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य है, लेकिन सरकार ने 440 बालू घाटों की नीलामी शुरू कर दी, जो इस कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।




कोर्ट ने इस तर्क को गंभीरता से लेते हुए बालू घाटों की नीलामी पर तत्काल रोक लगा दी है। बता दें कि जुलाई 2024 में हाईकोर्ट ने सरकार को दो महीने के भीतर पेसा नियमावली लागू करने का आदेश दिया था, लेकिन प्रगति के अभाव में यह मामला अब अवमानना याचिका तक पहुंच गया है। इस बीच, राज्य में पेसा कानून को लागू करने की मांग को लेकर प्रयासरत जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। विधायक पूर्णिमा साहू ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए सवाल उठाया कि क्या झारखंड हाईकोर्ट की टिप्पणी और रोक के बाद भी हेमंत सरकार पेसा कानून लागू करने के लिए नए बहाने ढूंढेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विदेशी प्रभावों के दबाव में आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपराओं और उनके अधिकारों को दरकिनार कर रही है। विधायक ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभाओं को अपने संसाधनों पर नियंत्रण का अधिकार मिलेगा, जो आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण के लिए जरूरी है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन को लेकर सर्किट हाउस में नगर कमेटी की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर बुधवार को सर्किट हाउस में साहिबगंज नगर कमेटी की बैठक सतीश पासवान की अध्यक्षता में की गई। बैठक में एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया, साहिबगंज जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर मुख्य रूप से शामिल हुए। पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया ने नगर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिशा-निर्देशन में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिलाध्यक्ष चयन करने की प्रकिया पूर्ण रूप से लोकतांत्रिक एवं पारदर्शिता से किया जाएगा। कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ पूरा करने की जिम्मेदारी हमें दी



गई है। प्रत्याशियों के लिए पात्रता तय कि गई है। प्रत्याशी का कांग्रेस की विचारधारा पर मजबूती से डटे रहने वाला, वफादारी से पार्टी का काम करने वाला, पूर्व में मिली जिम्मेदारियों को लेकर उनकी रिपोर्ट, साफसुथरी एवं बेदाग छवि एवं शून्य अपराधिक पृष्ठभूमि का होना अनिवार्य है। उनके परिवार का कोई सदस्य किसी अन्य पार्टी के जुड़ा न हो। कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने की तैयारी कर रही है।

# 'खेलो झारखंड 2025-26' की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पाकुड़ की ओर से आयोजित 'खेलो झारखण्ड 2025-26' की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तरीय स्टेडियम बैंक कॉलोनी में हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त मनीष कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा पाकुड़ पीयूष कुमार, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, पाकुड़ जिला ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर



प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 'खेलो झारखंड' का आयोजन खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने पाकुड़ जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए खिलाड़ियों से कहा कि वे और बेहतर प्रदर्शन करें। अधिक से अधिक मेडल जीतकर अपने प्रखंड और जिले का नाम रोशन करें। साथ ही जो खिलाड़ी आज जिला स्तर पर प्रथम आयेंगे वे पाकुड़ जिला का प्रतिनिधित्व रांची में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में करेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभा को निखारने का एक अवसर है, बल्कि यह टीम भावना और अनुशासन को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे राज्य और देश के लिए भी खेलना का लक्ष्य रखें। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। सभी बच्चे अपने जीवन में अनुशासन लाकर सफलता हासिल कर सकते है। इस तरह का आयोजन बच्चों को उचित प्लेटफार्म देता है। जहाँ पर वो अपना प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है।

**संक्षिप्त खबरें**

## सिविल सर्जन रामदेव पासवान के हाथों से छात्र-छात्राओं के बीच पौधा का हुआ वितरण



**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत मंगलवार को भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में राजकीय मध्य विद्यालय तलाब एवं प्राथमिक विद्यालय तालबन्ना साहिबगंज की छात्र–छात्राओं के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि सिविल सर्जन रामदेव पासवान साहिबगंज ने आम, लीची, आंवला, का पौधा स्कूली छात्र–छात्राओं को देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। सिविल सर्जन रामदेव पासवान ने अपने संबोधन में विद्यालय के बच्चों को बताया कि प्राकृतिक आपदा जो आ रही है वो विकास के नाम पर प्राकृतिक से छेड़छाड़ करने पर हो रहा है। वृक्ष ही प्राकृतिक है, प्राकृतिक ही जीवन है। प्रत्येक वर्ष वृक्ष का जन्मदिन अवश्य मनाए। एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है, कोरोना काल में हमलोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा। पेड़ पौधा लगाकर पर्यावरण वातावरण को हरा भरा रखे। वृक्ष नहीं होगा तो बारिश नहीं होगा, भोजन नहीं मिलेगा। पानी की आवश्यकता वायु की आवश्यकता, खाने की आवश्यकता पेड़ पौधा से ही होता है। प्रतिदिन वृक्ष का सेवा करके उसको बड़ा करे, पहला फल का सेवन करे। पौधा से हरियाली के साथ साथ पक्षियों को रहने के लिए अपना घर मिलता है। वही पौधा वितरण कार्यक्रम में लगभग 200 स्कूली छात्र छात्राओं व आम जनो के बीच आम, नारियल, शरीफा, आंवला, कटहल, लीची, अमरूद, तूत, खिन्नी, बेल, मालबेरी सहित अन्य फलदार पौधा का वितरण किया गया है। वही स्कूली छात्राएं शिक्षिका की अगुवाई में हाथों में पौधा लेकर शहर भ्रमण करते हुए लोगों को पेड़ लगाने के प्रति जागरूक किया ओर एक पेड़ मां के नाम, पौधा लगाए जीवन बचाए, प्राकृतिक को हरा भरा रखे जैसे जागरूकता नारा लगाया। मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, बच्चन पाठक, सानू कुमार, अशोक सराफ, राजेश गुप्ता, रतन अग्रवाल, राजेंद्र वर्मा, रवि भगत, शिक्षक शिक्षिका सैकड़ों छात्र व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड सं 98/24, दिनांक 06 दिसंबर 2024, धारा–91(2) /191(3) /190/195 (1) /115(2) /117(2) /126(2)/127(2) /112(1) 132/221/224/35 (2) /352/61(2) बी.एन.एस.एस के प्राथमिकी अभियुक्त सुभाष यादव पिता रामबिसेख यादव साकिन– शोभनपुर डेरा (मठिया) थाना– मुफ्फसिल, व सियाराम यादव पिता स्व. राजकुमार यादव, साकिन– तालबन्ना, थाना नगर, दोनों साहेबगंज निवासी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया है। मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शारीरिक जांच के लिए सदर अस्पताल ले गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने अभियुक्त का जांच किया। जांच करने के उपरांत पुलिस ने दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## परिवहन विभाग ने सुभाष चौक के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के पास जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी के निर्देश पर बुधवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां इस सघन वाहन जांच अभियान के दौरान बाईक व ई रिक्शा को बिना आवश्यक दस्तावेज के साथ पकड़ते हुए जिरवाबाड़ी के हवाले कर दिया गया। उधर मामले को लेकर डीटीओ ने बताया कि अक्सर देखा जा रहा है कि वाहन चालक सुरक्षा नियमों की अनदेखी करके वाहनों को तेज गति से चला रहे हैं जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही हैं। जहां ऐसे ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के कर्मी अलग अलग स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाते हुए आमजनों को जागरूक कर रहे हैं। इस वाहन जांच अभियान के मौके पर अनुज कुमार, जिरवाबाड़ी के कई पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## बीते रात गंगा नदी में डूबने से एक युवक की हुई मौत



**साहिबगंज :** शहर के मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट के निकट मंगलवार की रात गंगा में एक युवक डूब गया। इधर बुधवार सुबह युवक का शव बरामद होने से सनसनी मच गई। युवक की पहचान जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ स्थित तुरी टोला निवासी धीरन तुरी के 19 वर्षीय पुत्र राहुल तुरी के रूप में हुई। घाट पर मौजूद युवक के मामा बबलू तुरी ने बताया कि मंगलवार की देर रात राहुल अपने कुछ दोस्तों के साथ गंगा घाट आया हुआ था। वह अक्सर यहां नशा करने आता था। अब वह नदी में कैसे डूबा, यह स्पष्ट नहीं है। इधर मामले की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने घाट पहुंच मामले की छानबीन करते हुए राहुल के साथ मौजूद करण पासवान से पूछताछ की। बबलू तुरी ने बताया कि राहुल ई रिक्शा भाड़े पर लेकर चलाने का काम करता था। घाट के सामने से ई रिक्शा भी बरामद हुआ है। नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# सरकार ने 10,000 नौकरी देने का प्रचार किया, अब निकाल दिया



## संविदा कर्मी बोला- मां की किडनी खराब, सैलरी तक नहीं मिल रही, दवा कहां से लाऊं

**पटना।** 22 दिन से धरने पर बैठे नहीं है। अगर नौकरी नहीं मिली तो



हुए हैं। 11 दिन से आमरण अनशन पर हैं। तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घर की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। मां-पिता परेशान न हो जाएं, इसलिए उन्हें नौकरी जाने की बात नहीं बताई है।घर में कमाने वाले इकलौते हैं। 2 महीने से सैलरी नहीं मिली। अब मां की किडनी खराब है, दवाइयां कहां से लाए। भाई की पढ़ाई और पत्नी-बच्चों की जरूरतें कैसे पूरी करेंगे। इतनी परेशानियां हम लोग झेल रहे हैं। मच्छर और कीड़े-मकोड़े के बीच अनशन पर बैठे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला अब जान दे देंगे' ये दर्द किसी एक कर्मचारी का नहीं, बल्कि नौकरी से निकाले गए प्रदेश भर के 7,480 संविदा कर्मियों का है, जो अपनी परेशानियों को बताते-बताते भावुक हो जाते हैं। नौकरी छिन जाने का गुस्सा और परिवार चलाने की बेबसी उनकी आंखों में दिखाई दे रही है। अब तक 10 कर्मचारियों की तबीयत खराब हो चुकी है, जो PMCH में भर्ती हैं।कर्मियों का कहना है, 'नीतीश ने 10,000 नौकरी देने का प्रचार किया था, अब हम लोगों को निकाल दिया गया है।'हमारी बात पायल से हो ही

### ये कैसा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', बेटियों को नौकरी से निकाल दिया

सबसे पहले हमारी बातचीत बेगूसराय की रहने वाली पायल से हुई। पायल कहती हैं, 'बहुत हिम्मत करके परिवार वालों को भरोसे में लेकर संविदा पर नौकरी जॉइन की थी।गांव वाले कहते थे, कुछ दिन नौकरी करवाई जाएगी फिर निकाल दिया जाएगा। तब हमें लगता था कि आज संविदा पर नौकरी लगी है। कुछ दिन अच्छा काम करेंगे तो परमानेंट भी हो जाएंगे, लेकिन गांव वालों की बात सच साबित हो रही



है।जब मुझे टर्मिनेट किया गया तो घर और गांव में किसी को बताने में शर्म आ रही थी। घर में सब ताना मार रहे हैं कि बेटी को पढ़ाए हैं और नौकरी से निकाल दिया गया है। सरकार से मांग है कि वापस हमें नौकरी पर रखे। परिवार में 4 भाई और माता-पिता हैं। कमाने वाले हम अकेले हैं। मम्मी पापा कुछ नहीं करते हैं। हम लोग बेरोजगार थे, वहीं ठीक था। हम मर जाएंगे पर घर नहीं जाएंगे।'

रही थी कि बीच में गयाजी की रहने वाली विभूति बोल पड़ीं। कहती हैं, 'जब से मेरी नौकरी गई है। मैं कुछ सोच ही नहीं पा रही हूं। मेरा 3 साल का एक छोटा बेटा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं उसको कैसे पढ़ाऊं। उसे भविष्य में जो देने का सोचा था वो अब नहीं दे पाऊंगी।ये नौकरी मेरे लिए बहुत जरूरी थी। सरकार बस मेरी नौकरी लौटा दें। नौकरी मिलने पर बहुत खुशी हुई थी कि जिस चीज के लिए इतनी पढ़ाई की वो मुझे मिल गई। आज किसी को बता भी नहीं पा रही कि मेरी नौकरी चली गई है। मैंने ऐसा सपने में भी नहीं सोचा था। एक तो हमारा ट्रांसफर बहुत दूर होता है। जिसमें घर मैनेज करना मुश्किल होता है। फिर भी हम अच्छे से काम करते हैं, लेकिन पता नहीं सरकार हमारी क्यों नहीं सुन रही है।'रोहतास के रहने वाले रवि शंकर बताते हैं, 'हमारे पास भूमि की पैमाइश का काम रहता हैं। जिसके यहां भी जमीन नापने जाते हैं, वहां खुलेआम धमकी दी जाती है। भू-माफियाओं की जमीन पर हम जाते हैं तो डर कर काम करते हैं। अधिकारी की तरफ से भी दबाव बनाया जाता है कि वह जैसा कह रहे हैं वैसा कर दो। एक-एक इंच जमीन के लिए मर्डर कर दिया जाता है। हमें एक ID कार्ड तक नहीं दिया गया है और ना ही हमारी नौकरी को स्थायी किया गया है। हमारी जॉइनिंग के समय मुख्यमंत्री की ओर से बहुत प्रचार-प्रसार किया गया था कि 11 हजार लोगों को नौकरी दी जा रही है। यह केवल जनसंख्या दिखाने के लिए था। जिंदगी बर्बाद हो गई है। हम माता-पिता के इकलौते बेटे हैं। मां किडनी की पेशेंट है। उनका जैसे-तैसे इलाज करा रहे हैं। हमेशा 8 से 10 हजार की दवाई लगती है, लेकिन पैसा नहीं है कि उनका इलाज करा पाऊं। फरवरी में शादी हुई है, पत्नी की भी जिम्मेदारी है।'मधेपुरा के मधुसूदन कहते हैं, 'मेरी पोस्टिंग पूर्णिया में थी। अभी हम लोग आमरण अनशन पर हैं। सरकार से बातचीत का इंतजार कर रहे हैं। स्लाइन चढ़वा कर अस्पताल से आया हूं। इतनी सारी परेशानी हम लोग झेल रहे हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### समस्तीपुर में मिली युवक की सिर कटी लाश



**समस्तीपुर।** के रोसरा में काम की तलाश में एक ठेकेदार के यहां पहुंचे श्याम बिहारी की सिर कटी लाश मंगलवार को मिली। इसके सिर की तलाश जारी है। पुलिस बुधवार को बूढ़ी गंडक नदी में जाल गिराकर सिर की तलाश करेगी।श्याम बिहार के परिजनों ने समस्तीपुर के एक संजय नामक ठेकेदार पर शक जाहिर किया है। हालांकि संजय ठेकेदार कौन है और किस विभाग के लिए ठेकेदारी करता है। यह परिवार के लोगों को पता नहीं है। पुलिस ने परिवार की ओर से मिले इनपुट के आधार पर रोसड़ा के ही एक युवक को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जारी है। रोसड़ा के डीएसपी संजय कुमार बताते हैं कि पुलिस की पहली प्राथमिकता बुधवार को डिस्पोजल के साथ ही सिर की बरामदगी करना है। घटना को लेकर पूर्व से रोसड़ा थाने में ठेकेदार श्याम बिहारी के गायब होने का मामला दर्ज कराया गया था। अब यह मामला हत्या में बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।अब-तक के पुलिसिया जांच में बात समाने आई है। श्याम बिहारी के मोबाइल का अंतिम टावर लोकेशन समस्तीपुर से करीब 330 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के चंदौली जिला के संगति शहर में मिला है। संभावना यह जताई जा रही है कि हत्या के बाद बदमाशों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए उसके मोबाइल को किसी ट्रक आदि पर फेंक दिया। जो सड़क रास्ते से उत्तर प्रदेश के संगति शहर पहुंच गया।बदमाशों की इस प्लानिंग से लग रही है कि इस हत्याकांड को पूरी योजना बनाकर अंजाम दिया गया है। ताकि बदमाशों तक पुलिस जल्द नहीं पकड़ सके।संजय ठेकेदार की तलाश कर रही पुलिसमृतक श्याम बिहार के छोटे भाई वसंत बिहारी के अनुसार शनिवार को वह खुद अपनी बाइक से भाई को शनिवार को सिंघिया (विभूतिपुर) में छोड़ गया था। वहां से उनके भाई ऑटो से समस्तीपुर आये थे।संजय नाम के ठेकेदार के डेरा पर ही रहने की बात थी। रात करीब 9 बजे उनकी बात भाभी से हुई थी। उसने कहा था कि काम पसंद पड़ा तो करेंगे। नहीं तो लौट आएंगे। शनिवार रात ही करीब 10 बजे उन्होंने फोन किया, तो फोन को ई दूसरा उठाया था। बोला अभी श्याम यहां पर नहीं है।रविवार सुबह 8 बजे तक फोन नहीं उठाया, तो उन्होंने रोसड़ा थाने में जाकर आवेदन दिया। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आज जब शव मिला तो प्राथमिकी दर्ज की गई है। भाई के अनुसार संजय से रोसड़ा में ही जान पहचान हुआ है। ठेकेदार से यहां पुराना काम का 90 हजार रुपए बांकी है। रुपए उनके भाई को फोन पर भेजने के लिए बोला जा रहा था। लेकिन, ठेकेदार नहीं दे रहा था। वह बोल रहा था इतनी राशि फोन पर देना संभव नहीं है। जिसके बाद ही उनका भाई घर से निकला था।

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिली सांसद



**समस्तीपुर।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद शांभवी चौधरी ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने वित्त मंत्री की ओर से हाल ही में किए गए ऐतिहासिक कर सुधारों के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि इन सुधारों का सीधा फायदा बिहार की बड़ी आबादी को मिलेगा। सांसद ने स्पष्ट किया कि इन कर सुधारों से बिहार के आम नागरिकों को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिलेगा, बल्कि राज्य की समग्र अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।समस्तीपुर की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा कीमुलाकात के दौरान सांसद ने समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र का विशेष उल्लेख किया। साथ ही समस्तीपुर की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कृषि आधारित व्यवसायों के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग से विकसित कर समस्तीपुर को आर्थिक प्रगति का नया मॉडल बनाया जा सकता है।इसके साथ ही, शांभवी ने महिला उत्थान और सशक्तिकरण के विषय पर भी गंभीर चर्चा की। उनका मानना है कि यदि महिलाओं को शिक्षा, कौशल और स्वावलंबन के अवसर दिए जाएं, तो न केवल परिवार बल्कि पूरा समाज और क्षेत्र प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।।

## पटना के अपार्टमेंट में लटकी मिली गार्ड की लाश



**पटना।** गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक अपार्टमेंट से गार्ड का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला। मामला न्यू अलकापुरी स्थित इंदिरा हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड बिल्डिंग की है। यहां बिल्डिंग के बेसमेंट में सुरक्षा गार्ड का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान फतुहा निवासी 50 वर्षीय गणेश प्रसाद के रूप में हुई है।परिजनों ने हत्या की आशंका जताईघटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पटना सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।लंबे समय से कर रहे थे गार्ड की नौकरीगणेश प्रसाद से इसी तीन मंजिला बिल्डिंग में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। उनका परिवार भी अलकापुरी में ही रहता है। बिल्डिंग के बेसमेंट में वाहन पार्किंग है, जबकि पहले तल पर कुछ निजी कंपनियों के दफ्तर हैं।सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस पुलिस ने कहा कि मौत के सटीक कारण का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चलेगा। साथ ही, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। यदि यह आत्महत्या का मामला है, तो उसके पीछे की वजह का भी पता लगाया जाएगा।

## वैशाली में सिर में चाकू मारकर युवक की हत्या





**वैशाली।** में पिकअप वैन के ड्राइवर का मर्डर कर दिया गया है। मृतक की पहचान अशोक सिंह के रूप में हुई है। अशोक के परिजनों का कहना है, अशोक की हत्या करने वाले चारों आरोपी आपस में भाई हैं।परिजनों के मुताबिक, वो अशोक को घर से 600 मीटर दूर केले के बागान में ले गए और सिर में चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार की रात 12 बजे बिदुपुर थाना इलाके के मथुरा हाई स्कूल के पास की है। अशोक के भतीजे कुणाल कुमार ने बताया, 'चाचा और आरोपियों के बीच गाड़ी पार्क करने को लेकर काफी वक्त से विवाद चल रहा था। दिलीप महतो के चारों बेटे गुड्डु, अभिषेक, देवा और सन्नी शराब का कारोबार करते हैं।अशोक के भतीजे करण ने बताया, 'चाचा के सिर पर भी चाकू से कई वार किए गए। इसके बाद डंडे से गला दबा दिया। हत्या के बाद शव को मृतक के घर पर छोड़कर फरार हो गए।'पुलिस का कहना है, 'आरोपियों की मां को हिरासत में लिया है। महिला ने जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी भाइयों की तलाश में छापेमारी चल रही है। घटनास्थल पर FSL की टीम सबूत इकट्ठे कर रही है।'बुधवार की सुबह 5 बजे परिजन ने शव को मथुरा चौक के पास रखकर जाम कर दिया है। सड़क 3 घंटे से जाम है, सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग। पुलिस ने लोगों को समझा कर मामले को शांत कराया और जाम हटवाया।

## मौका मिला तो दिखाएंगे चुनाव कैसे लड़ा जाता है: फारुख शेख

**शिवहर।** में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। RJD MLC फारुख शेख ने प्रचार रथ निकालकर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। तेजस्वी यादव के करीबी माने जाने वाले शेख ने कहा कि, 'अगर पार्टी टिकट देती है तो पूरा जिला देखेगा कि चुनाव कैसे लड़ा जाता है।'शेख ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां



गिनाईं। उन्होंने सदर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट और ब्लड बैंक की स्थापना का जिक्र किया। डिग्री कॉलेज का निर्माण, बस स्टैंड का नवीनीकरण, देकुली धाम का विकास और अशोगी बरगद वट को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने का श्रेय भी उन्होंने लिया।फारुख शेख 2017 से क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए, वो पहले कभी नहीं हुए। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि जिसे शक है, वो जनता से पूछ ले कि शिवहर में किसने विकास कराया है।RJD के अंदर खींचतान बढ़ी राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शेख का प्रचार रथ टिकट की लड़ाई का हिस्सा है। इससे RJD के अंदर खींचतान बढ़ गई है। शिवहर सीट पर स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा और गरमा सकता है। विपक्षी दल इस अंदरूनी कलह को भुनाने की ताक में हैं।

## समस्तीपुर,गोपालगंज,जहानाबाद में तेज बारिश, पूरे बिहार में अलर्ट

**पटना।** मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। समस्तीपुर, जहानाबाद और गोपालगंज में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। 30 से 40ङट प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। कई जिलों में अगले 48 से 72 घंटे के दौरान बादल छाए रहेंगे और रुक-रुककर बारिश होगी। वहीं, पटना में अगले 24 घंटे में तेज बारिश की संभावना जताई जा रही है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का क्षेत्र बना हुआ। इससे प्रदेश में हवा नमी लेकर आ रही है। इसी कारण अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में मध्यम और भारी बारिश की संभावना




है। पिछले 24 घंटे में कटिहार, बेतिया, बेगूसराय, भागलपुर, रक्सौल में तेज बारिश हुई। पटना के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई, लेकिन दिनभर तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे।मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पटना में अगले 48 घंटों तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।वहीं, 24 घंटे में 36.4 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ पटना सबसे गर्म जिला रहा। जबकि दरभंगा, छपरा, मोतिहारी का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। समस्तीपुर में बुधवार को अचानक मौसम बदल गया। जिले में तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। खगड़िया के बेलदौर प्रखंड के बेला नवादा गांव में मंगलवार की सुबह धान काटने गए दंपती पर आकाशीय बिजली गिर गई।इस घटना में महिला ज्योति देवी (32) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति राजेश शर्मा (40) गंभीर रूप से झुलस गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में उनका इलाज चल रहा है।

## नेपाल से भागे 10 कैदियों को सीतामढ़ी बॉर्डर पर पकड़ा

**नेपाल।** में भड़की हिंसा के बाद बिहार के 6 जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज की इंटरनेशनल बॉर्डर को सील कर दिया गया है। जिसके बाद बॉर्डर पर ट्रकों की 5KM लंबी लाइन लग गई है। करीब 10 हजार गाड़ियां फंसी हैं। मंगलवार को हुए जलेश्वर जेल ब्रेक में 577 कैदियों में से 576 कैदी फरार हो गए। देर रात सीतामढ़ी के रास्ते भारत में घुसने की कोशिश कर रहे 10 कैदियों को रइ ने पकड़ा है। इनमें 2 भारतीय और 8 नेपाली हैं।इधर, नेपाल में हिंसा के बाद पर्यटकों की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अररिया के जोगबनी बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। किशनगंज के गलगलिया के भातगांव बॉर्डर से नेपाल आने-जाने पर रोक लगाई गई है।मधुबनी के जयनगर रेलवे स्टेशन से नेपाल के जनकपुर तक ट्रेन चलती है।



नेपाल में बिगड़ते हालात और उग्र विरोध-प्रदर्शन के बाद इंडो-नेपाल रेल सेवा को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया गया है।नेपाल में भड़की हिंसा के बाद वहां रह रहे भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में भारत लौट रहे हैं। मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से बुधवार की सुबह 10 बजे तक नेपाल से लोग भारत आए, लेकिन अब इस बॉर्डर को भी सील कर दिया गया है।मोतिहारी के SP स्वर्ण प्रभात ने मंगलवार की रात भारत-नेपाल सीमा का दौरा किया। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के जवानों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।नेपाल से लौटे मजदूर श्याम कुमार ने बताया, 'वहां सभी फैक्ट्री और कल-कारखाने बंद हैं। तीन दिनों से काम रुका हुआ है। कब काम शुरू होगा, यह किसी को नहीं पता।'एक यात्री ने बताया कि वो नेपाल से 15 किलोमीटर पैदल चलकर रक्सौल रेलवे स्टेशन पहुंचा है। नेपाल में कोई सवारी नहीं मिल रही है। सुरक्षा के मद्देनजर मैत्री पुल और अन्य चौकियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। डॉग स्क्वायड की मदद से यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है।बीते तीन दिनों से रक्सौल बॉर्डर के पास हजारों की संख्या में गाड़ियां फंसी हैं। इनमें ज्यादातर मालवाहक गाड़ियां हैं। बता दें रक्सौल ICP (इंटरनेशनल चेकपोस्ट) के रास्ते नेपाल में 70% से ज्यादा माल जाती है। ऐसे में ड्राइवरों को चिंता है कि बॉर्डर नहीं खुला तो उनका सारा माल सड़ जाएगा।नेपाल की जलेश्वर जेल तोड़कर 576 कैदी फरार हो गए हैं। दरअसल, आंदोलनकारियों ने नेताओं को छुड़ाने के लिए जेल तोड़ी और नेता समेत सभी कैदी फरार हो गए। नेपाल से सटे सीतामढ़ी के इंडो नेपाल बॉर्डर पर हाई अलर्ट है। भिट्ठा बॉर्डर पर एसएसबी कमांडर आशीष कुमार पांडे और भिट्ठाथाना प्रभारी मनोज कुमार दलबल के साथ सीमा पर निगरानी कर रहे हैं। भारत सरकार फरार कैदियों को रोकने के लिए सतर्क है।रक्सौल बॉर्डर पर फंसे ड्राइवर ने बताया कि, हम कल सुबह से यहां फंसे हैं। ट्रकों में कच्चा माल भरा हुआ है। बॉर्डर जल्दी नहीं खुला तो सारा माल खराब हो जाएगा। बॉर्डर खुलने का इंतजार कर रहे हैं।नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन का आज तीसरा दिन है। हिंसक प्रदर्शन रोकने के लिए सेना ने मंगलवार रात 10 बजे से पूरे देश का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया है।नेपाली सेना ने कहा कि मुश्किल समय का फायदा उठाकर कुछ उपद्रवी आम लोगों और सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लूटपाट और आग लगाने जैसी हरकतें हो रही हैं। ऐसी गतिविधियां बंद कर दें। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा देखते हुए केपी शर्मा ओली ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर काठमांडू छोड़ दिया है। इससे पहले आंदोलनकारियों ने केपी ओली के निजी घर, राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट में आग लगा दी।



# भारत की ये झीलें जन्नत से नहीं है कम, इस गर्मी ट्रैवल बकेट लिस्ट में करें शामिल

**अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो आज हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।**

गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

### बड़ी लेक

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

### नैनी झील

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

### हुसैन सागर झील

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।

### लोकटक झील

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

### टारसर झील

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं, जोकि दिखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं।



# प्रकृति, इतिहास और आध्यात्म का अद्भुत संगम है शिवपुरी

**शिवपुरी का नाम भगवान शिव के नाम पर पड़ा है। यह नगर कभी नरवर रियासत का हिस्सा था और बाद में ग्वालियर राज्य के अधीन आ गया। सिंधिया राजवंश ने यहाँ कई महलों, उद्यानों और स्मारकों का निर्माण करवाया, जो आज भी उसकी राजसी भव्यता की गवाही देते हैं।**

शिवपुरी मध्य प्रदेश का एक सुरम्य और ऐतिहासिक नगर है, जो अपनी हरियाली, प्राचीन स्मारकों, राजसी विरासत और धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह नगर एक समय में सिंधिया राजवंश की ग्रीष्मकालीन राजधानी रहा है और आज यह पर्यटकों के लिए एक शांत, सुंदर और विविध अनुभव प्रदान करता है।

### शिवपुरी का ऐतिहासिक परिचय

शिवपुरी का नाम भगवान शिव के नाम पर पड़ा है। यह नगर कभी नरवर रियासत का हिस्सा था और बाद में ग्वालियर राज्य के अधीन आ गया। सिंधिया राजवंश ने यहाँ कई महलों, उद्यानों और स्मारकों का निर्माण करवाया, जो आज भी उसकी राजसी भव्यता की गवाही देते हैं।

### शिवपुरी के प्रमुख दर्शनीय स्थल

#### 1. माधव राष्ट्रीय उद्यान

शिवपुरी का सबसे प्रसिद्ध स्थल। यह राष्ट्रीय उद्यान कभी सिंधिया राजाओं का शिकार क्षेत्र हुआ करता था। अब यह बाघ, तेंदुआ, चीतल, सांभर, नीलगाय, मगरमच्छ, और अनेक पक्षियों का निवास स्थान है। यह प्रकृति प्रेमियों और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स के लिए स्वर्ग है।

#### 2. सिंधिया की छतरियाँ

सिंधिया राजाओं और रानियों की याद में बने ये संगमरमर के स्मारक भारतीय और मुगल वास्तुकला के सुंदर मिश्रण का उदाहरण हैं। यहाँ की कलाकृति, मेहराबें और जालीदार खिड़कियाँ देखने योग्य हैं।

#### 3. माधव विलास महल

यह एक भव्य शाही महल है, जहाँ सिंधिया परिवार गर्मियों में रहा करता था। ऊँचाई पर स्थित यह महल अपने बगीचों, झरोखों और शाही वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।

#### 4. सागर तालाब और भदैया कुंड

शिवपुरी के यह जल स्रोत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आस्था से भी जुड़े हुए हैं। यहाँ बैठकर आप शांति का अनुभव कर सकते हैं।

#### 5. नरवर किला

शिवपुरी से लगभग 40 किमी दूर स्थित यह प्राचीन किला 10वीं शताब्दी में बना था और चंदेल, परमार, तोमर, और मुगलों के अधीन रहा। किले से आसपास का मनोरम दृश्य दिखाई देता है।

### धार्मिक स्थल

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर – एक प्राचीन शिव मंदिर जो स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच अत्यंत पूजनीय है।

छत्री मंदिर परिसर – यहाँ भगवान विष्णु और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियाँ स्थापत्य कला का अनोखा उदाहरण हैं।

### क्या करें?

वन सफारी – माधव राष्ट्रीय उद्यान में सुबह या शाम की सफारी जरूर लें।




फोटोग्राफी – प्रकृति, इतिहास और संस्कृति का अद्भुत संगम आपको कैमरे से दूर नहीं रहने देगा।

स्थानीय भोजन – यहाँ का पारंपरिक मालवी और बुंदेली खाना जरूर चखें।

कैसे पहुँचे?

निकटतम रेलवे स्टेशन- शिवपुरी रेलवे स्टेशन, ग्वालियर (110 किमी)

### निकटतम हवाई अड्डा- ग्वालियर

सड़क मार्ग- ग्वालियर, झाँसी, भोपाल और इंदौर से सड़क मार्ग द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है

### ठहरने की व्यवस्था

शिवपुरी में मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित रिसॉर्ट्स, लॉज और कई निजी होटल उपलब्ध हैं। यदि आप प्रकृति के करीब रहना चाहते हैं, तो माधव राष्ट्रीय उद्यान के पास रिसॉर्ट एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं।

### यात्रा का सर्वोत्तम समय

अक्टूबर से मार्च के बीच का मौसम शिवपुरी घूमने के लिए सबसे उपयुक्त है। इस समय तापमान सुखद होता है और वन्यजीव भी अधिक दिखते हैं।

शिवपुरी एक ऐसा स्थल है जहाँ इतिहास के पदचिन्ह, राजसी भव्यता, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक शांति– सब एक साथ मिलते हैं। यह पर्यटन के शोरगुल से दूर, आत्मिक और सुकून भरी यात्रा के लिए आदर्श स्थल है। यदि आप मध्य प्रदेश की अनदेखी विरासत को महसूस करना चाहते हैं, तो शिवपुरी की यात्रा जरूर करें।

# खूबसूरत तैमारा घाटी का खौफनाक रहस्य, यहां आते ही बदल जाता है मोबाइल का वक्त



झारखंड की खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में %मौत का हाइवे% के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं। झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है।

इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में %मौत का हाइवे% के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### तैमारा घाटी

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को %मौत का हाइवे% के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

### तैमारा घाटी की घटनाएं

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

### तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

### तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल, पाकिस्तान कर सकता है खेल खराब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 2026 का पुरुष टी20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेला जाएगा। भारत अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा जिसने पिछली बार 2024 में बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर यह खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें भाग लेंगी और 55 मैच खेले जाएंगे। मैच भारत में 5 और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे तथा फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाता है, तो यह मैच कोलंबो में होगा।

BCCI टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी करेगा। हालांकि इस साल की शुरुआत में BCCI और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के बीच एक समझौता हुआ था कि वे दोनों सरकारों के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेलेंगे जिसके बाद श्रीलंका को पाकिस्तान के सभी मैचों के आयोजन के लिए सह-मेजबान चुना गया।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ICC ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है, लेकिन टूर्नामेंट के लिए समय निश्चित रूप से तय कर लिया गया है और सभी भाग लेने वाले देशों को इसकी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए केवल 15 टीमें ही क्वालीफाई कर पाई हैं, जिनमें भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड और पहली बार इटली भी शामिल हैं। शेष पांच स्थानों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालीफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से निकलेंगे।




# एशिया कप में उमरजई की तूफानी पारी ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम ने एशिया कप 2025 का आगाज धमाकेदार जीत से किया। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में टीम ने 94 रनों से बड़ी जीत हासिल की। यह अफगानिस्तान की एशिया कप में सबसे बड़ी और टूर्नामेंट की रनों के मामले में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए अजमतुल्लाह उमरजई के तूफानी पारी के दम पर 20 ओवर में 188 रन बनाए, इसके जवाब में हॉन्ग कॉन्ग की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 94 रन ही बना सकी। राशिद खान ने जीत का क्रेडिट उमजई को दिया और मैच के बाद बताया कि क्यों मुजीब उर रहमान जैसे गेंदबाज को उन्होंने प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा।

राशिद ने मैच के बाद कहा कि टीम ने शानदार खेला। शुरुआत में विकेट लेना हमारे लिए अहम था। पिछली सीरीज में भी यही समस्या थी। यही एक क्षेत्र है जिसमें हमें सुधार करना है। डेथ ओवरों में बल्लेबाजी शानदार रही। खासकर उमरजई। हमारे पास अच्छे स्पिनर हैं। इससे विपक्षी टीम पर दबाव बनता है। जब आप रन बनाते हैं, तो बल्लेबाज जोखिम उठाते हैं और हमारे पास विकेट लेने का मौका होता है। हम लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे।

प्लेइंग इलेवन क्या होगी, यह देखना मुश्किल था। मुजीब को बाहर रखना एक मुश्किल फैसला था। आप कभी-कभी कॉम्बिनेशन की तलाश में रहते हैं। अच्छी बात यह है कि मेरे पास विकल्प है और इससे मेरे लिए काम आसान हो जाता है। अफगानिस्तान का इस जीत से नेट रन रेट +4.700 का हो गया है, जो उन्हें अगले राउंड में पहुंचाने में मदद करेगा। उनका अगला मैच 16 सितंबर को बांग्लादेश से होगा।

# एसए20 नीलामी: ब्रेविस 8.3 करोड़ में बिके, आईपीएल से कई गुना ज्यादा लगी बोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस अब बेबी एबी नहीं रहे। वे अंतरराष्ट्रीय और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। एबी का जलवा अब भी बरकरार है, लेकिन अब ब्रेविस को यकीन है जिसने उन्हें क्षमता का एहसास कराया, वे भी उनकी तरह जलवा बिखेर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ब्रेविस पर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका टी20 की नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ बोली लगी। ब्रेविस के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स में सौरव गांगुली और जोसबर्ग सुपर किंग्स में स्टीफन फ्लेमिंग जैसे चिर परिचित प्रतिद्वंदी नीलामी के मैदान में थे। आखिर में सुपर किंग्स को अपने इस अद्भुत खिलाड़ी को छोड़ना पड़ा क्योंकि ब्रेविस को 15.1 मिलियन रैंड यानी 8.3 करोड़ रुपए में खरीदा गया। जो आईपीएल 2025 में उनके रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में उनकी कीमत से करीब चार गुना ज्यादा है। एसए20 नीलामी में बड़ी खरीदारी में दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ दो बार दक्षिण अफ्रीका 20 लीग जीतने वाले मार्करम की सेवाएं डरबन सुपर जायंट्स ने 14 मिलियन रैंड यानी 7.04 करोड़ रुपए में हासिल कीं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट तिहरे शतकवीर वियान मुल्डर को सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड यानी 4.53 करोड़ रुपए में खरीदा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर गेराल्ड कोएट्जी सुपर जायंट्स के लिए 7.4 मिलियन रैंड यानी 3.72 करोड़ रुपए में खेलेंगे. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को सुपर किंग्स ने 6.3 मिलियन रैंड यानी 3.17 करोड़ रुपए में खरीदने से पहले बोली लगाने की एक छोटी सी होड़ शुरू कर दी। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके जिन्होंने हाल ही में वनडे रिकॉर्ड तोड़े हैं उन्हें सनराइजर्स ने 6.1 मिलियन रैंड यानी 3.07 करोड़ रुपए में खरीदा। अनुभवी बल्लेबाज रस्सी वैन डेर डूसन को मुंबई इंडियंस केप टाउन ने 5.2 मिलियन रैंड यानी 2.62 करोड़ में खरीदा। तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन 5.1 मिलियन रैंड यानी 2.57 करोड़ में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। जबकि एनरिक नोर्टजे को सनराइजर्स के लिए खेलने के लिए 5 मिलियन रैंड यानी 2.51 करोड़ रुपए मिले हैं।



# दाएं और बाएं बल्लेबाजों के संयोजन में फंसे अय्यर इसलिए हुए टीम से बाहर

**–पूर्व लेग स्पिनर अमित ने कहा– आने वाले समय में वह फिर करेंगे वापसी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर को भारत की एशिया कप टीम से बाहर करने का फैसला मध्य क्रम में दाएं और बाएं बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने की रणनीतिक चाल के कारण हुआ। यह कहना है पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा का। 2024 के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर होने के बाद से श्रेयस ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी शानदार फॉर्म के दम पर उन्होंने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया, जो पिछले एक दशक में फ्रैंचाइजी का पहला फाइनल था।

इस शानदार लीग में 50 से ज्यादा की औसत से 604 रन बनाने के बाद श्रेयस ने 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बना लिया था। उन्हें भारतीय टीम से और यहां तक कि यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों में भी नहीं रखा गया, जिससे प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों में नाराजगी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने प्रबंधन के चयन पर सवाल उठाए हैं, वहीं अमित मिश्रा ने एक ऐसी रणनीतिक रूपरेखा की पहचान की जिसने अय्यर को टीम में शामिल करने के खिलाफ काम किया।



मिश्रा के मुताबिक अय्यर तीसरे या चौथे नंबर पर खेलते हैं इसलिए बाएं-दाएं संयोजन बनाए रखने की चाहत अय्यर के खिलाफ गई। मिश्रा ने कहा कि श्रेयस तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, टीम प्रबंधन ने सोचा होगा कि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बेहतर होता। एशिया कप एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि श्रेयस बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन में फंस गए। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी अमित मिश्रा भविष्य में अय्यर की वापसी को लेकर 100 फीसदी आश्वस्त हैं। मिश्रा का मानना ??है कि ऐसी कई सीरीज हैं जहां अय्यर अपनी क्षमता साबित कर सकते हैं और टीम में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई सीरीज हैं। उनके पास काफी समय है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह अपनी खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर हैं। नए खिलाड़ियों को मौके चाहिए। मुझे लगता है कि वह भविष्य में वापसी करेंगे और टीम में अपनी जगह पक्की कर लेंगे।

# कमिंस, स्टार्क और मेरा अभी संन्यास का इरादा नहीं : हेजलवुड

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि अभी उनका ,पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का करियर काफी समय तक चलेगा और कोई भी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहा। इसलिए ये कहना कि एशेज सीरीज में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी अंतिम बार उतरेगी कहना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम तीनों में ही अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेलेंगे। अभी हम तीनों की उम्र 35 साल के आसपास है। कमिंस ने कमर में खिंचाव है। वहीं स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं पर उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड के हवाले से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं जिसमें हम अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर तीनों ही इनका हिस्सा बनना चाहता है।



# रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह की आईसीसी टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमश-छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि बिश्नोई, अर्शदीप और अक्षर पटेल एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमश-छठे, 10वें और 13वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के कुलदीप यादव एक स्थान के नुकसान से चौथे जबकि रविंद्र जडेजा दो स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज भी दो-दो स्थान के नुकसान से क्रमश-14वें और 15वें स्थान पर हैं।



# हार्दिक पांड्या की लग्जरी घड़ी चर्चा में, एशिया कप की प्राइज मनी से भी ज्यादा है कीमत



स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2025 से पहले हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। ट्रेनिंग सेशन के दौरान नए हेयरस्टाइल और उनकी घड़ी की वजह से उनकी खूब चर्चा हो रही है। एशिया कप 2025 से पहले हार्दिक पांड्या ने अपने बालों को ग्रे शेड में कराया है। हार्दिक को प्रैक्टिस सेशन के दौरान रिचर्ड मिल आरए 27-04 घड़ी पहने देखा गया। इस घड़ी का वजन 30 ग्राम के करीब है। जिसकी कीमत 20 करोड़ रुपये के करीब हैं जो एशिया कप की प्राइज मनी से लगभग 8 गुना ज्यादा है।। ये घड़ी खासतौर पर टेनिस लीजेंड राफेल नाडल के लिए बनाई जाती हैं इसलिए इसे राफेल नडाल एडिशन भी कहते हैं। एशिया कप जीतने वाली टीम को करीब 2.6 करोड़ रुपये की इनाम राशि मिलेगी। एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से अबूधाबी में हो चुका है। जहां अफगानिस्तान ने अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में हांगकांग को 94 रनों से हरा दिया। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में 10 सितंबर को भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज करेगी जिसमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उनका सामना यूएई से होगा। गौर है कि भारत का एशिया कप 2025 में पहला मैच 10 सितंबर को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ होगा जिसके बाद 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा। वहीं अबू धाबी में ओमान के खिलाफ 19 सितंबर को भारत अपने ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलेगा। आठ बार एशिया कप की ट्रॉफी जीतकर भारत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है।

# विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया) (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा और उसके सभी तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग के पदक चरण में जगह बनाने में असफल रहे।

भारत के तीनों खिलाड़ियों में राहुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड (अंतिम-32) में जगह बनाई, लेकिन शूट-ऑफ में जॉर्जिया के एलेक्जेंडर माचावरियानी से 5-6 (8-10) से हार गए। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन अंतिम दो सेटों में वह लड़खड़ा गए जिससे एक बार फिर रिकर्व वर्ग में दबाव में भारत की मानसिक कमजोरियां उजागर हो गईं।

पहला सेट 28-28 से बराबर करने के बाद राहुल ने दूसरे सेट में 30-30 का शानदार स्कोर बनाया और तीसरे सेट में 28-27 से जीत हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। चौथे राउंड में उन्हें केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी, लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उनके विरोधी खिलाड़ी को वापसी करने का मौका मिल गया।

जॉर्जियाई खिलाड़ी ने पांचवां सेट 28-27 से जीतकर शूट-ऑफ कराया जहां राहुल ने आठ अंक हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी का स्कोर परफेक्ट 10 था।



तीनों में सबसे अनुभवी ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा को सबसे कठिन ड्रॉ मिला क्योंकि पहले दौर में उनका मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज से हुआ। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को पहला सेट 29-29 से बराबर करने के बाद 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में कड़ी टक्कर हुई लेकिन गाजोज के दो 10 ने उन्हें 29-28 की बढ़त दिला दी।

तुर्किए के तीरंदाज ने तीसरे सेट में 29-28 के साथ अपनी बढ़त 5-2 कर ली। धीरज ने चौथा सेट 29-29 से बराबर किया लेकिन यह गाजोज को जीत से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी नीरज चौहान को उज्बेकिस्तान के बोबराजाबोव बेकजोद से सीधे सेटों में 27-29, 27-28, 26-29 से हार का सामना करना पड़ा।

# इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराया, फ्रांस और पुर्तगाल उलटफेर से बचे



लंदन - किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई। रोनाल्डो ने इस मैच में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप क्वालीफाइंग में उनका 39वां गोल था, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बस के दरवाजे से हुई दुर्घटना के बाद चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद हैलैंड ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित पांच गोल दागे, जिससे नॉर्वे ने मोल्दोवा को 11-1 से करारी शिकस्त दी।

# जोफ्रा आर्चर ने लगाई लम्बी छलांग, आईसीसीस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इससे पहले 2020 में आर्चर गेंदबाजी में रैंकिंग में सर्वोच्च आठवें स्थान पर पहुंचे थे। आदिल राशिद इस हफ्ते गेंदबाजों की सूची में उल्लेखनीय सुधार करने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। आदिल रशीद आठ विकेट लेने के बाद सात पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स और साउथम्प्टन में खेले गए दूसरे और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार है।

दूसरे और तीसरे मैच में 61 और 100 रनों की पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट ने आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की। वह पांच पायदान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए। वह दो साल में पहली बार शीर्ष 20 में पहुंचे है। उनके हमवतन जोस बटलर ने 62 और नाबाद 61 रनों की पारी खेलकर सात पायदान की छलांग लगाई। शाहीन शाह अफरीदी को चार स्थान की छलांग के साथ 22वें स्थान पर पहुंचने का इनाम मिला, जबकि उनके साथी और प्लेयर ऑफ द सीरीज मोहम्मद नवाज अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल में 5 विकेट (19 रन पर पांच विकेट) लेकर गेंदबाजों की सूची में 13 स्थान की छलांग के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी, अफगानिस्तान के नूर अहमद 40 स्थान की छलांग के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के कुसल परेरा हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद अर्धशतक की बदौलत तीन स्थान की छलांग के साथ नौवें और सिकंदर रजा तीन स्थान की छलांग के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए।

# भारत ने कोरिया को महिला एशिया कप सुपर चार मुकाबले में 4-2 से हराया



हांगझोउ (चीन) । भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। पूल बी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रहे भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और रुतुजा ददासो पिसल (59वें मिनट) ने गोल दागे। कोरिया की ओर से दोनों गोल यूजिन किम (33वें और 53वें मिनट) ने किए। भारत अपने अगले मैच में बृहस्पतिवार को चीन से भिड़ेगा।

# शिखर धवन और उनकी संस्था पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई, पुनर्वास में करेगी सहायता

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली - भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद से लिए आगे आए हैं। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक वीडियो में धवन ने इस कठिन समय में एकता और करुणा का आह्वान किया। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, 'यह एकजुट होने का समय है। पंजाब को हमारी ताकत, करुणा और समर्थन की जरूरत है.. थोड़ी सी मदद भी बहुत फर्क ला सकती है। आइए हम सब अपना योगदान दें।'

अपनी व्यक्तिगत अपील के साथ धवन का NGO शिखर धवन फाउंडेशन बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शिखर धवन की मीडिया टीम की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फाउंडेशन का उद्देश्य जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करना और जहां सबसे ज्यादा जरूरत है वहां दीर्घकालिक सहायता प्रदान करना है।

उनके संदेश को प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों का जबरदस्त समर्थन मिला है जिसमें संकट के समय में करुणा और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने पंजाब को पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपए के अलावा, राज्य के लिए 1,600 करोड़ रुपए के वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार केंद्र राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) और पीएम किसान सम्मान निधि योजना की दूसरी किस्त भी अग्रिम रूप से जारी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति का जमीनी स्तर पर आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) के कर्मियों से भी बातचीत की।

हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण पंजाब में व्यापक तबाही हुई है। राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा 'रोके गए' 60,000 करोड़ रुपए की धनराशि तत्काल जारी करने की मांग की है, जो पंजाब की बाढ़ से प्रभावित अर्थव्यवस्था को समग्र रूप से पटरी पर लाने के लिए बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरदासपुर और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने गुरदासपुर में अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक आधिकारिक समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की और पंजाब में हुए नुकसान का भी आकलन किया।



## घूस ले रहे एएसआई को विजिलेंस ने जैसे ही पकड़ा उसने नोट हवा में उछाले फिर मच गई लूट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस का एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) राकेश कुमार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। मामला हौज काजी थाने का है, जहां एएसआई ने एक व्यक्ति से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 15 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट से की। 9 सितंबर को तय समय पर पीड़ित थाने पहुंचा और एएसआई को नोटों की गड्डी थमा दी। इसी बीच विजिलेंस टीम भी मौके पर पहुंच गई। विजिलेंस टीम को देखते ही घबराए एएसआई राकेश कुमार ने रिश्वत की गड्डी हवा में उछाल दी। नोट उड़ते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और नोट लूटने लगे। बताया जा रहा है कि लोगों ने करीब 5 हजार रुपये उठा लिए। वहीं विजिलेंस टीम ने मौके से 10 हजार रुपये बरामद किए और आरोपी एएसआई को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की विजिलेंस अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए बताया कि एएसआई के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से जहां पुलिस महकमे की छवि पर सवाल उठे हैं, वहीं हवा में उड़ते नोटों को लूटने की घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में दोषी करार आप विधायक मनजिंदर सिंह

तरनतारन (एजेंसी)। पंजाब की तरनतारन जिला अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के खडूर साहिब से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा और अन्य 7 आरोपियों को एक लड़की से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में दोषी पाया है। अदालत अब 12 सितंबर को सभी दोषियों को सजा सुनाएगी। अदालत के फैसले के बाद पुलिस ने विधायक लालपुरा को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। यह मामला साल 2013 का है, जब उस्मा गांव निवासी लड़की हरबिंदर कौर ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि विवाह समारोह के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की गई और जब विरोध किया तब टैक्सी चालकों ने उसके परिवार के साथ मारपीट की। पीड़िता के परिवार का कहना था कि बीच सड़क पर बेरहमी से उनकी पिटाई की गई थी। घटना ने उस समय काफी सुर्खियाँ बटोरी थीं। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा था और अदालत ने पीड़िता के परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाने के आदेश दिए थे।

## भूटान के गृह मंत्री ने राजगीर नेचर और जू सफारी का दौरा किया

पटना (एजेंसी)। भूटान के गृह मंत्री ल्योन्पो त्सेरिंग ने बुधवार को राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का विशेष दौरा किया। इनके साथ केंद्रीय संन्यासी निकाय के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता महामहोपाध्याय लोपोन सं-नगग येशे दोर्जे रिनपोचे, तथा पुनाखा से वरिष्ठ संन्यासी प्रतिनिधि भी रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने शेर, बाघ, तेंदुआ, भालू और विभिन्न शाकाहारी जीवों के पिंजरों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्लास ब्रिज पर फोटोग्राफी की और राजगीर की पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य का आनंद लिया। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, और पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

# नया एसओपी जारी: असम में 10 दिन के भीतर साबित करनी होगी अपनी नागरिकता




गुवाहाटी (एजेंसी)। असम में संदिग्धों को राज्य सरकार ने एक और मौका देने का फैसला किया है। इसके तहत 10 दिन का समय दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि इस निर्धारित अवधि में अपनी नागरिकता साबित करें। असम की हिमंत विस्वा सरमा सरकार ने संदिग्ध विदेशियों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए 10 दिनों का अल्टीमेटम थमाने का फैसला किया है। राज्य की कैबिनेट ने प्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 के तहत विदेशियों को निष्कासित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी है। इसके तहत जिला आयुक्तों को संदिग्ध विदेशियों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए 10 दिनों का नोटिस देने और समय सीमा के बाद नागरिकता पर निर्णय लेने का अधिकार होगा। यानी जो संदिग्ध विदेशी दी गई समय-सीमा के अंदर अपनी नागरिकता साबित करने में विफल रहेंगे, उन्हें जिला आयुक्त निकासी का आदेश दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री सरमा ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नया एसओपी राज्य सरकार को मौजूदा नागरिकता निर्धारण प्रक्रिया को दरकिनार करने और इसके बजाय ज़िला आयुक्तों को संदिग्ध विदेशियों को यह संतुष्ट करने के लिए 10 दिन की मोहलत देने में सक्षम बनाएगा कि वे भारतीय नागरिक हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद वे लोग ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो जिला उपायुक्त उनके खिलाफ निकासी आदेश जारी कर सकते हैं। मौजूदा समय में संदिग्ध विदेशियों के मामले विदेशी न्यायाधिकरणों में लाए जाते हैं लेकिन नए एसओपी के तहत ये मामले अब जिला उपायुक्तों के पास होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरमा ने कहा कि कैबिनेट ने अब इस अधिनियम को लागू करने के लिए जिस एसओपी को मंजूरी दे दी है, वह राज्य के विदेशी न्यायाधिकरणों की भूमिका को काफी हद तक निष्प्रभावी कर देगी। उन्होंने कहा, इस मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, अगर उपायुक्त को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति विदेशी है, या सीमा पुलिस को सूचित किया जाता है कि वह व्यक्ति विदेशी है, या किसी अन्य स्रोत से पता चलता है कि कोई व्यक्ति विदेशी है, तो उपायुक्त उस व्यक्ति को 10 दिनों के भीतर अपनी नागरिकता साबित करने के लिए नोटिस देंगे। अगर उन 10 दिनों में उसके द्वारा दिए गए दस्तावेज़ उपायुक्त को संतुष्ट नहीं करते हैं, तो दसवें दिन, उपायुक्त निकासी आदेश जारी करेंगे।

## विपक्ष सिर्फ लड़ाई-झगड़े में अपनी ताकत और बुद्धि लगाता

### -केंद्रीय गृह राज्य मंत्री राय का इंडी गठबंधन पर तंज

पटना (एजेंसी)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्षी गठबंधन पर कई आरोप लगाए हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ लड़ाई-झगड़े में अपनी ताकत और बुद्धि लगाता है। केंद्रीय मंत्री राय के अनुसार, एनडीए को उम्मीद से ज़्यादा वोट मिले, जो दिखाता है कि विपक्ष की रणनीति नाकाम हो गई है। राय ने राजद नेता तेजस्वी यादव की माई बहिन मान योजना और नौकरी के फॉर्म भरवाने की पहल पर भी सवाल उठा दिए। उन्होंने इस काम को एक धोखा बताकर कहा कि घमंडी गठबंधन का इतिहास



झूठ और भ्रम फैलाने का रहा है। उन्होंने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की 15 साल सरकार थी, तब उन्होंने कुछ नहीं किया और अब जब सरकार बनी ही नहीं है, तब वे झूठे वादे कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राय ने विपक्ष पर चारा, अलकतरा, और दूध चोरी जैसे घोटालों का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का संस्कार दिखता है। उन्होंने कहा कि आज देश और बिहार को विकास चाहिए और लोग प्रधानमंत्री मोदी के काम पर भरोसा करते हैं। राय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया आ रहे हैं और बिहार को कई नई सौगातें देने आ रहे है।

## ट्रंप को खुश करने के लिए कपास किसानों को खतरे में डाल रही मोदी सरकार: केजरीवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने केंद्र की मोदी सरकार पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए कपास किसानों को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने पोस्ट किया कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही बातचीत में भारतीय बाजार को अमेरिकियों के लिए खोला जा रहा है, जिससे किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को खतरा होगा। केजरीवाल ने कहा कि यह कदम भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक है और 140 करोड़ भारतीयों का अपमान है।

उन्होंने गुजरात में प्रेसवार्ता कर कहा था कि अगर अमेरिका से कपास का आयात बढ़ा, तब भारतीय किसानों को उनकी फसल का बहुत कम दाम मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से अमेरिकी कपास पर आयात शुल्क हटाने के फैसले पर भी सवाल उठाकर कहा कि अगर अमेरिका टैरिफ बढ़ा रहा है, तब भारत को भी बढ़ाना चाहिए। इससे पहले केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि पहले कपास किसानों को 1500 रुपये प्रति मन तक दाम मिलता था, लेकिन अब यह यह घटकर 1200 रुपये रह गया है। बीज और मजदूरी की लागत बढ़ गई है। अगर अमेरिका से कपास का आयात बढ़ा, तब भारतीय किसानों को 900 रुपये प्रति मन तक ही दाम मिलेगा। डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी केजरीवाल ने बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि ट्रंप बुजदिल हैं और जिस देश ने भी उनके सामने आंख दिखाई, उन्हें झुकना पड़ा। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की थी कि अगर अमेरिका 50 फीसदी टैरिफ लगा रहा, तब भारत को 75 फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अमेरिकी कपास पर 11 फीसदी आयात शुल्क खत्म कर दिया।

# उपराष्ट्रपति चुनाव: क्रॉस वोटिंग करने वाले 15 सांसदों को ढूंढ रहा विपक्ष, शक इधर भी है...

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति के चुनाव में 15 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग कर दी। इसको लेकर विपक्ष काफी परेशान बताया जा रहा है। क्रॉस वोटिंग करने वाले सांसदों की पहचान करने की कोशिश हो रही है। आम आदमी पार्टी और महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) तथा एनसीपी (शरद पवार) खेमों पर सबसे ज्यादा उंगलियां उठ रही हैं। राजस्थान से एक सांसद और तमिलनाडु से आए वोटों पर भी चर्चा है। उपराष्ट्रपति चुनाव में पार्टी व्हिप लागू नहीं होता, इसलिए नेताओं के लिए क्रॉस-वोटिंग आसान हो गई।

कुल मिलाकर उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत तो तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी इंडिया गठबंधन को असली झटका अपने ही वोट बैंक में सेंध से लगा है। उनके उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को केवल 300 वोट मिले, जबकि विपक्षी खेमे की गणना कम से कम 315 वोटों की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी नेताओं को उम्मीद थी कि रेड्डी को 315 से लेकर 324 तक वोट मिलेंगे। लेकिन नतीजों ने दिखाया कि कम से कम 15 वोट विपक्षी पाले से एनडीए की ओर चले गए। कुछ वोट जानबूझकर अवैध घोषित किए गए बताए जा रहे हैं। नतीजे आने के बाद विपक्षी खेमे में गद्दारों की तलाश शुरू हो गई है। वोटिंग के तुरंत बाद कांग्रेस के जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा था कि विपक्ष ने 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की और 315 सांसदों ने वोट डाला। लेकिन नतीजे आने के दो घंटे के भीतर ही यह एकजुटता ढहती नजर आई। विपक्षी खेमे को उम्मीद थी कि यह चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एकता का प्रदर्शन करेगा, लेकिन उलटे ट्रोजन हॉर्स ने घर में ही सेंध लगा दी। इस चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 781 थी जिसमें से 767 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। मतगणना में 752 वोट वैध और 15 अवैध पाए गए। इस तरह जीत के लिए कम से कम 377 वोट की आवश्यकता थी। विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के केवल 300 वोट प्राप्त हुए।




## अचानक राज से मिलने पहुंचे उद्धव ठाकरे... बीएमसी चुनाव को लेकर हो सकता है बड़ा ऐलान

मुंबई (एजेंसी) महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच गठबंधन की अटकलों के बीच, उद्धव ठाकरे अचानक बुधवार को अपने चचेरे भाई राज ठाकरे से मिलने उनके आवास शिवतीर्थ पहुंचे। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दोनों भाइयों के बीच हाल की दूसरी सार्वजनिक मुलाकात है। इससे पहले वे गणेश उत्सव के मौके पर मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में गठबंधन, सीटों के बंटवारे और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पार्टियों के कुछ प्रमुख नेता भी बैठक में मौजूद थे। बैठक के बाद, राज ठाकरे ने मनसे के नेताओं की एक बड़ी बैठक बुलाई है, जिसमें गठबंधन को लेकर अहम चर्चा होने की संभावना है। बताया जा रहा हैं कि इस बैठक में राज अपने नेताओं से चर्चा करने के बाद एमवीए में शामिल होने को लेकर फैसला कर सकते है। लेकिन यदि राज ठाकरे एमवीए में शामिल नहीं होते हैं, तब क्या उद्धव ठाकरे एमवीए को छोड़ देने वाले हैं, या यह गठबंधन सिर्फ मुंबई तक सीमित रहेगा?

दोनों के बीच हुई मुलाकात के बाद सवाल ये भी उठ रहा हैं कि क्या यह गठबंधन केवल मुंबई तक सीमित रहेगा या अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा? शिवसेना यूबीटी गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने पहले कई शहरों में मिलकर लड़ने का ऐलान किया था।

बात दें कि मुंबई बीएमसी चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है, जिन्हें उद्धव ठाकरे के राजनीतिक भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक के बाद, यह संभावना है कि उद्धव ठाकरे दशहरा सभा में गठबंधन को लेकर कोई बड़ा ऐलान कर सकते है। बात दें कि विधानसभा में करारी हार के बाद उद्धव ठाकरे गुट के पास अब एक ही सहारा मुंबई बीएमसी चुनाव दिख रहा है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भारत और नेपाल के राजदूतों से की बातचीत

नई दिल्ली : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नेपाल में उत्पन्न असामान्य परिस्थितियों के मद्देनजर बुधवार को नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा से फोन पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने दोनों राजदूतों से दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा, सहयोग और जल्द वापसी की स्थिति पर जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर रख रही है। इस संदर्भ में दिल्ली सरकार लगातार दोनों दूतावासों और संबंधित एजेंसियों के संपर्क में है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्लीवासी को संकट की इस घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षित और शीघ्र घर वापसी सुनिश्चित करना है।

# ट्रंप प्रशासन ने दवा कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कानूनी शिकंजा कसा

वाशिंगटन(एजेंसी)। अमेरिका में पहली बार ट्रंप प्रशासन ने दवा कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कानूनी शिकंजा कसा है। अमेरिका दुनिया भर के उन दो देशों में से एक है जो सीधे उपभोक्ता तक पहुंचने वाली दवाओं के विज्ञापनों की अनुमति देता है। दूसरा देश न्यूजीलैंड है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके माध्यम से दवा कंपनियों पर विज्ञापनों में पारदर्शिता कानूनों का पालन करने का दबाव डाला गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन इन कंपनियों को प्रतिदिन लगभग 100 चेतावनी पत्र भेजेगा। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासनिक अधिकारियों ने मंगलवार सुबह पत्रकारों कहा कि लक्ष्य पहले से मौजूद कानूनों का इस्तेमाल करके यह सुनिश्चित करना है कि लोगों को दवाओं, खासकर संभावित जोखिम कारकों के बारे में पारदर्शी और सटीक जानकारी मिले। अधिकारियों ने उन दवाओं या उत्पादों की ओर इशारा किया जिनका प्रचार इंस्टाग्राम या टिकटॉक जैसी सोशल मीडिया साइटों पर होता है। रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर दवाओं के प्रचार पर किए गए कई अध्ययनों में पाया गया है कि अकसर दी जाने वाली जानकारी डॉक्टर से बात करने पर मिलने वाली जानकारी से कमतर होती है। 2015 के एक अध्ययन में पाया गया कि केवल एक तिहाई पोस्ट में ही दवाओं के संभावित नुकसानों का जिक्र था। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, भ्रामक प्रभाव पैदा करने वाले इन विज्ञापनों के बढ़ते प्रचलन, खासकर दुष्प्रभावों का उचित रूप से खुलासा न करने से व्यापक निराशा हुई है। ये विज्ञापन अब बिना उचित जानकारी के सोशल मीडिया पर छा गए हैं और ऑनलाइन फार्मेसियों के विज्ञापन भी उन्हीं नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं जिनका पालन कई दवा कंपनियां करती हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इन नियमों को लागू करने से सोशल मीडिया पर अराजकता कम होगी और कंपनियां समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रशासन के अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रपति का सबसे साहसिक कदम है। हालांकि यह स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के पदभार ग्रहण करने से पहले किए गए वादे से कम है। उन्होंने कहा था कि टीवी पर दवाओं के विज्ञापनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना होगा। कैनेडी ने चुनाव से पहले ट्रंप की एक रैली में कहा था, मैं डोनाल्ड ट्रंप को पुरानी बीमारियों की महामारी को दूर करने के लिए टीवी पर दवाओं के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने की सलाह दूंगा।

# रियाद में 'इंडेक्स सऊदी अरेबिया' में ईपीसीएच की प्रभावशाली भागीदारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडेक्स सऊदी अरेबिया2025 का शुभारंभ सऊदी अरब के रियाद में हुआ जहां ईपीसीएच के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन भारत के सऊदी अरब में राजदूत डॉ. सुहेलअजाज खान ने किया। इस मौके पर मनुस्मृति, काउंसलर (आर्थिक और वाणिज्य) भारतीय दूतावास, रियाद; अक्षय सिंह, उप निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; सलमान आजम, सदस्य सीओए-ईपीसीएच; सदस्य निर्यातकप्रदर्शक और मास्टर शिल्पकार की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। इस मेले का आयोजन 9 से 11 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने बताया भारत को इस आयोजन के माध्यम से रियाद में आयोजित इंडेक्स सऊदी अरब जैसे बड़े मंच पर अपनी अनोखी विविधता, समृद्ध संस्कृति और कला-शिल्प की पुरानी परंपरा दिखाने का शानदार मौका मिला हैजहाँ देशभर से कई निर्यातक और शिल्पकार इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन के दौरान सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेलअजाज खान ने ईपीसीएच की सराहना की। उन्होंने कहा कि परिषद लगातार भारतीय हस्तशिल्प को दुनिया तक पहुंचाने और हस्तशिल्प निर्यात का बेहतरीन काम कर रही है। उन्होंने प्रतिभागी प्रदर्शकों से बातचीत भी की और भविष्य में व्यापारिक प्रचार-प्रसार में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया। महामहिम, कुशल शिल्पकार द्वारा प्रस्तुत लाइव प्रदर्शन देखकर बहुत प्रभावित हुए। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया कि इंडेक्स सऊदी अरब मिडिल ईस्ट का सबसे पुराना इंटीरियर डिजाइन इवेंट है, जिसमें दुनिया भर की कंपनियाँ हिस्सा लेती हैं। पूरी दुनिया की कंपनियों को इस आयोजन में शामिल ब्रांड्स पर भरोसा होता है। यह मेला अंतरराष्ट्रीय डिजाइन, होम डेकोर और लाइफस्टाइल से जुड़ी पूरी दुनिया को एक मंच पर लाता है। भारत की भागीदारी से मेले में और विविधता और विशेषता आएगी और दुनिया भर के निमार्ता, रिटेलर्स और ब्रांड्स को भारतीय वस्त्र, होम फर्निशिंग और उपभोक्ता उत्पादों की मजबूत उद्यमिता से परिचित होने का मौका मिलेगा, जिससे यह आयोजन भारतीय हस्तशिल्प के सोर्सिंग का बेहतर अवसर भी प्रदान करने वाला है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा नेबताया इंडेक्स सऊदी अरब 2025 के अवसर पर, ईपीसीएच ने भारतीय दूतावास, रियाद और विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से इंडिया ए आइडियलडेस्टिनेशनफॉरसोर्सिंगहैंड िक्राफ्ट विषय पर एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया। इस सत्र के मुख्य अतिथि सऊदी अरब, रियाद में भारत के राजदूत महामहिम डॉ. सुहेलएजाज खान थे। उनके साथ अक्षय सिंह, उप निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; सलमान आजम, सदस्य सीओए-ईपीसीएचऔर इन डिटेल डिजाइन सेंटर जेद्दा की उपाध्यक्ष दलाल अबुदुलेला अबुलजादयेल भी उपस्थित रहे।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**